सुसाधु द्वारा मुनिधर्म की मर्यादा में अबाधक यथातथ्य धर्मोपदेश देने या धर्म युक्त मार्गदर्शन देने का इस अध्ययन में स केत किया गया है, वह इस प्रकार है- **(१)** मुनि स्वय सदा धर्म में रति भाव एव स सार के प्रति अरति भाव में सफल होवे । फिर वह अकेला हो या समूह के साथ हो; प्ररूपणा तो वही करे जो मुनिधर्म के और आगम के अविरुद्ध हो, सुस गत हो । **(२)** सुसाधु धर्म का महत्त्व बताते हुए यह प्रेरणा करे कि जीव अकेला ही कर्म करता है, अकेला ही फल भोगता है, जन्मता भी अकेला है और मरकर परभव में भी अकेला ही जाता है, धर्म के सिवाय उसका कोई मित्र सहायक नहीं है । **(३)** कर्मब ध के कारण मिथ्यात्व, अव्रत आदि; कर्म ब ध से मुक्ति रूप, मोक्ष और उसके उपाय रूप, सम्यग्दर्शन, स यम आदि का यथार्थ स्वरूप गुरु-आचार्यादि से जानकर जनहितकारक धर्मोपदेश देवें । **(४)** निंदित-गर्हित कार्य- सप्तव्यसन आदि अथवा अन्याय, अनीति, शास्त्र विपरीत प्ररूपण आदि अकृत्य नहीं करके जीवन में सदाचरण अपनाने का उपदेश करे । सदाचरण-धर्माचरण से परभव स ब धी फल की इच्छा-स कल्प-निदान कदापि नहीं करना ऐसा समझाना चाहिये । पर तु केवल मुक्ति के लक्ष्य से ही धर्माचरण करने कराने का उपदेश देना चाहिये । सार यह है कि अकरणीय कार्यों को नहीं करने का और करणीय कार्यों में शुद्ध लक्ष्य रखने का उपदेश द्वारा समझाना चाहिये । **(५)** श्रोता के अभिप्राय, प्रकृति, पद, सत्ता का एव उसके श्रद्धेय देव-गुरु का एव अपनी क्षमता-शक्ति आदि का विचार करके, विवेक के साथ, ग भीरतायुक्त भाषा की शालीनता से उपदेश देवें । भाषा या भाव के अविवेक से अथवा श्रोता के मानहानि आदि के कारण कई प्रकार की आपत्ति, विवाद, वैमनस्य पैदा हो सकते हक्त । साधु को आक्रोश, वध परीषह आने की स्थिति भी पैदा हो सकती है, उपदेष्टा का तिरस्कार या बहिस्कार भी किया जा सकता है । अत:

परिषद का पूर्ण अनुभव रखते हुए विवेक और भाव शुद्धि के साथ मुनि उपदेश देवे एव किसी का अहित न हो वैसा उपदेश देवे ।

(६) चतुराई के साथ श्रोता-परिषद के मिथ्यात्व, अव्रत, कषाय आदि दूर होवे; उनकी आत्मा धर्म में अभिवृद्धि करे, इस प्रकार उपदेश देवे । स्त्रीयों से अथवा शब्द रूप आदि सभी इन्द्रिय विषयों से विरक्ति पैदा हो, इस प्रकार उपदेश देवे । सु दर दिखने वाले स्त्री के रूप आदि और मधुर मनोज्ञ लगने वाले विषय-भोग एव ऐसो-आराम आदि कि पाक फल के समान मधुर है पर तु परिणाम इनका दुर्गति दायक है । यह ज्ञान युक्ति पूर्वक उनकी आत्मा में जमे ऐसा योग्य उपदेश देवे । जिससे वे स सार से विरक्त होकर मुनि धर्म स्वीकार करे या गृहस्थ जीवन में भी आसक्ति घटाकर व्रत प्रत्याख्यानमय जीवन जीवे ।

(७) साधु अपनी पूजा, प्रतिष्ठा, सम्मान, यश, कीर्ति आदि प्राप्त करने के उद्देश्य से उपदेश न दे कि तु गुरुआज्ञा से, स्वाध्याय हेतु एव धर्मप्रेमी जनता के हितार्थ धर्मोपदेश देवे तथा जिनशासन की प्रभावना के लिये, धर्मप्रचार के लिये उपदेश देवे । अपनी स यम मर्यादा में रहकर छकाय जीवों की रक्षा-दया युक्त उपदेश करे, किसी भी जीव के अहितकारी उपदेश नहीं करे ।

(८) उपदेश कोई सुने या न सुने, आचरण करे या न करे तो भी किसी पर राजी-नाराजी, अव्यवहार, अस तोष भाव न रखे और अस तोष प्रकट न करे, कि तु अपने सामर्थ्य या प्रभाव अनुसार धर्मोपदेश के माध्यम से प्रयत्न करता रहे कि जीव धर्म समझे, व्रती-महाव्रती बने । कि तु इस लक्ष्य से भी किसी को अप्रिय-अमनोज्ञ-अपमान योग्य कुछ न कहे ।

(९) किसी का अनिष्ट भी न करे । निंदा-विकथा न करे और विकथाओं की चर्चा, उपदेश के माध्यम से न करे । सावद्य-हिंसाकारी आर भजनक प्रवृतियों की प्रेरणा या उपदेश भी न करे । परिषद के देव, गुरु या रुचि आदि की कटु शब्दों में आलोचना, निंदा या मिथ्या आक्षेप आदि युक्त धर्म कथा न करे । **(१०)** उपरोक्त सभी अनर्थकारी असद् उपदेशों का त्याग कर, विवेक ज्ञान को धारण कर, मुनि शा त, अनुकूल और कषाय रहित होकर उपदेश करे ।

निबंध-४६

बारह प्रकार के जीव और उनका आहार

(१) वनस्पति (२) मनुष्य (३) तिर्यंच प चेन्द्रिय में जलचर (४) चतुष्पद स्थलचर (५) उरपरिसर्प (६) भुजपरिसर्प (७) खेचर (८) विकलेंद्रिय (९) अप्काय (१०) तेउकाय (११) वायुकाय (१२) पृथ्वीकाय।

अनुशीलन करने से यह ज्ञात होता है कि इस अध्ययन की वर्णन भगवती सूत्र, प्रज्ञापना सूत्र, जीवाभिगम सूत्र आदि के किसी भी क्रम पद्धति का अनुसरण नहीं करता है, बल्कि स्वत त्र एव अक्रमिक ढ ग से है । जिसका वास्तविक कोई कारण तर्क शक्ति से भी ज्ञात होना कठिन सा लगता है । तथापि ऐसी कल्पना की जा सकती है कि कभी किसी के प्रमाद से भी ऐसा व्युत्क्रम बन गया हो । यदि ऐसा न हुआ हो तो फिर यह मानना ही अवशेष रहेगा कि- **सूत्राणा विचित्रगतिः ।** सूत्र रचनाकार को जिस गु थन में, जब जो पद्धति उचित, उपयोगी और किन्हीं अज्ञात कारणों से प्रास गिक लगे, वही क्रम विषय गु थन का किया जा सकता है । ऐसी स्थिति में क्रम अक्रम सभी निर्दोष हो जाता है और इच्छित किसी भी क्रम व्युत्क्रम से वह तत्त्व स ब धी परिज्ञान तो हो ही जाता है । यहाँ भी वनस्पति से प्रार भ कर पृथ्वी तक विषय को पूर्ण करने के मध्य में त्रस जीवों के आहार का परिज्ञान है तो भी कुल मिला कर दस ही द डकों के आहार स बधी बहुत कुछ ज्ञेय तत्त्व का अनुपम अनुभव हो जाता है । अतः जो भी क्रम उपलब्ध है वह ज्ञान वर्धक ही है, उसमें कुछ भी हानि नहीं है, यह मान कर स तोष किया जाना ही समाधान कारक है ।

प्रश्न- उपरोक्त १२ जीव के आहार स ब धी ज्ञातव्य क्या है ?

उत्तर- वनस्पति :- (१) सर्व प्रथम जो जीव पृथ्वी पर उत्पन्न होता है वह पृथ्वी के स्नेह का आहार करता है अर्थात् जैसी भी वह पृथ्वी सचित्त या अचित्त है और जैसा भी उसका वर्ण ग ध रस स्पर्श आदि है उसी के सार को खींच कर बीज में आने वाला मुख्य जीव अ कुरित होता है । उसकी निश्रा में फिर मूल(जड)और क द के जीव आकर

उत्पन्न होते हक्त । वे भी पृथ्वी के अ दर होने से पृथ्वी का स्नेह खींच कर आहार ग्रहण करते हक्त । उसके बाद स्क ध आदि के जीव पृथ्वी से आहार लेने वाले मूल-क द के जीवों के स्नेह का आहार ग्रहण करते हक्त । इसके अतिरिक्त ये सभी वनस्पति विभागों के जीव स्वत त्र भी छकाया के जीवों का स योग अनुसार आहार करते हक्त और अपने शरीर रूप में परिणत करते हक्त । इस प्रकार की आहार पद्धति के अनुसार यहाँ वनस्पति जीवों के चार प्रकार होते हक्त-(१) पृथ्वीयोनिक वनस्पति जीव अर्थात् पृथ्वी का स्नेह खींचकर आहार ग्रहण करने वाले (पृथ्वीयोनिक वृक्ष) (२) पृथ्वीयोनिक वनस्पति जीवों से आहार ग्रहण करने वाले वनस्पति जीव(पृथ्वीयोनिक वृक्ष में वृक्ष) (३) वनस्पति जीव योनिक वनस्पति जीवों से क्रमिक आहार लेने वाले वनस्पति जीव(वृक्ष योनिक वृक्ष में वृक्ष) (४) वृक्षयोनिक वृक्ष से आहार लेने वाले वनस्पति के फल-बीजपर्यंत के दस विभागों के वनस्पति जीव ।

तात्पर्य यह है कि प्रत्येक वनस्पति का मुख्य जीव एक होता है जो सर्वत्र व्याप्त होता है । उसके सिवाय उस वनस्पति के कण-कण में जीव होते हक्त, वे अपने से पूर्व के पृथ्वी की दिशा वाले जीवों से स्नेह रूप में आहार ग्रहण करते हक्त ।उसके अतिरिक्त भी अपनी क्षमता स योग अनुसार छ काया के जीवों में से किसी का भी आहार कर सकते हक्त ।

(२) वृक्ष में कलम करके उसमें अन्य कोई वनस्पति रोपी जा सकती है । यह कलम स्क ध शाखा-प्रशाखा में की जा सकती है । इसे आगम शब्दों में वृक्ष में **अध्यारोह** कहा गया है । इस अध्यारोह की आहार पद्धति भी उपरोक्त अनुसार है सिर्फ प्रार भ पृथ्वी के आहार की जगह वृक्ष से शुरू होता है । इसके भी चार प्रकार हक्त- (१) वृक्षयोनिक अध्यारोह के वनस्पति जीव(वृक्ष से आहार लेने वाले) (२) वृक्षयोनिक अध्यारोह में वनस्पति जीव(वृक्षयोनिक अध्यारोह से आहार लेने वाले) (३) अध्यारोह योनिक वनस्पति जीवों में वनस्पति जीव(अध्यारोह योनिक अध्यारोह वनस्पति से आहार ग्रहण करने वाले) (४) अध्यारोह योनिक अध्यारोह के वनस्पति जीवों से आहार लेने वाले फल-बीज पर्यंत के दस विभाग के जीव । स्नेह खींचने के सिवाय भी छकाया जीवों का स योग क्षमतानुसार आहार करते हक्त । इस प्रकार (१) घास

(२) धान्य (३) हरियाली(हरितकाय) स ब धी ४-४ आलापक है ।

इस प्रकार आय, काय, कुहणा, भू फोडा, सर्पछत्रा आदि वनस्पति के आहार स ब ध में केवल एक ही आलापक समझना, चार नहीं ।

(३) पृथ्वी के समान जल में भी वृक्ष उत्पन्न होते हक्त । वे पृथ्वीयोनिक की जगह उदक योनिक कहलाते हक्त । इसके भी चार आलापक वृक्ष के, चार अध्यारोह के, चार तृण के, चार धान्य के, एव चार हरियाली के आलापक होते हक्त । आय, काय आदि का एक आलापक ही होता है ।

(४) इन उपरोक्त स्थलज, जलज सभी वनस्पति भेदों के निश्रा में त्रस जीव उत्पन्न हो सकते हक्त । वे उस वनस्पति के स्नेह का आहार करते हक्त और स योगानुसार छकाया जीवों का भी आहार करते हक्त ।

मनुष्य :- माता-पिता के शुक्र शोणित के मिश्रण के स्नेह का सर्व प्रथम आहार करता है । बाद में माता द्वारा किये गये आहार से उत्पन्न रस के ओज का आहार करता है । गर्भ से बाहर आने पर स्तनपान से माता के दूध और स्नेह(घी) का आहार करता है । अनुक्रम से बडा होने पर नाना प्रकार के आहार एव छः काया का आहार करता है ।

तिर्यंच प चेन्द्रिय :- मनुष्य के वर्णन के समान समझना। कुछ विशेषताएँ इस प्रकार है- जलचर जीव गर्भ के बाहर आने पर स्तनपान नहीं करते कि तु जल के स्नेह का आहार करते हक्त । अनुक्रम से वृद्धि पाने पर वनस्पति और त्रस, स्थावर प्राणियों का आहार करतेहक्त और छः काय के मुक्त शरीर का आहार करतेहक्त ।

पक्षी भी स्तनपान नहीं करते कि तु वे प्रार भ में माता के शरीर के स्नेह का आहार करते हक्त । उरपरिसर्प और भुजपरिसर्प प्रार भ में वायु के स्नेह का आहार करते हक्त ।

विकलेंद्रिय :- विकलेन्द्रिय जीव त्रस-स्थावर प्राणियों के सचित्त या अचित्त शरीर में उत्पन्न होते हक्त और उसी शरीर के स्नेह का प्रथम आहार करते हक्त । कुछ समय बाद(पर्याप्त होने बाद) यथा स योग अन्य त्रस-स्थावर प्राणियों के शरीर से भी आहार प्राप्त करते हक्त । इसके अतिरिक्त अशुचि में, पसीने में, ग दे स्थानों में और चर्म कीट आदि रूप में भी उत्पन्न होते हक्त और वहीं का आहार ग्रहण करते हक्त ।

चार स्थावर :- (१) अप्काय- त्रस स्थावर प्राणियों के सचित्त-अचित्त शरीर में जहाँ पोलार, वायु हो, वहाँ पानी के जीव उत्पन्न होते हक्त और फिर उस अप्काय में अन्य अप्काय के जीव उत्पन्न होते हक्त । इस प्रकार (१) त्रस स्थावर योनिक जल (२) जल योनिक जल, इन दोनों में (३) त्रस जीव उत्पन्न होते हक्त । प्रार भ में सभी जीव अपने उत्पत्ति स्थान के स्नेह का आहार करते हक्त । बाद में यथायोग्य छः काया जीवों के शरीर का आहार करते हक्त । वनस्पति के समान पानी स ब धी चार आलापक हक्त- (१) त्रस स्थावर योनिक जल जीव (२) त्रस-स्थावर योनिकजल में जल जीव (३) जलयोनिक जल में जल जीव (४) जलयोनिक जल में त्रस जीव । **(२) अग्निकाय :-** त्रस-स्थावर प्राणियों के सचित्त-अचित्त शरीर में या उनके आश्रय में उत्पन्न होते हक्त तथा उन्हीं के स्नेह का आहार करते हक्त । फिर उस अग्नि में अन्य अग्निकाय के जीव और क्रमशः त्रस जीव पैदा होतेहक्त ।चारोंआलापक पूर्ववत् समझना। **(३) वायुकाय (४) पृथ्वीकाय :-** अग्नि के समान ही वायु तथा पृथ्वी के चार-चार आलापक जानना ।

अध्ययन के अ त में उपस हार करते हुए कहा गया है कि इस प्रकार स सार के समस्त प्राणी कर्म विपाक अनुसार जन्म मरण और आहार करते हक्त । इस तत्त्व को जानकर मुमुक्षु साधक आहार के विषय में गुप्ति करे अथवा योग्य समिति करे और स यम-तप द्वारा मोक्ष की साधना में सदा प्रयत्नशील रहे ।

निबंध-४७

प्रत्याख्यान का महत्त्व एवं श्रद्धा

किसी व्यक्ति ने राजा को मारने का स कल्प किया । वह अवसर की प्रतिक्षा करता है । प्रतीक्षा में १० वर्ष व्यतीत हो गये अवसर नहीं मिला । वह व्यक्ति राजा का अमित्र, वधक ही कहलायेगा । मित्र नहीं कहलायेगा । स कल्प का त्याग नहीं करने से वह खाने-पीने के एव ऐसो-आराम के समय भी वैरी-वधक ही माना जाता है । जब वह विचार परिवर्तन से उस स कल्प का त्याग कर दे तो फिर वह वधक या वैरी नहीं रहेगा ।

स सार के प्राणी सन्नी असन्नि अवस्थाओं में भ्रमण करते रहते

हक्त । अत: जो वर्तमान में असन्नि हक्त, जिनके हिंसाजन्य प्रवृत्तियों का स कल्प नही है; फिर भी वे हिंसा त्यागी नहीं है, पाप त्याग के स कल्प से युक्त हुए बिना भूतकाल के पापमय स कल्पों की पर परा ब ध नहीं होती है । एक असत्यभाषी चालाक व्यक्ति है, झूठ बोलने में प्रसिद्ध है । वह वाचा ब द होने से मूक हो गया । अब बोलने की प्रवृत्ति नहीं होने से वह असत्य का त्यागी नहीं है उसे सत्यवादी भी नहीं कहा जायेगा । वह यदि असत्य का त्याग कर देगा, विरति परिणाम में स कल्प बद्ध हो जायेगा, महाव्रत धारी बन जायेगा; तो सत्यवादी, असत्य त्यागी कहा जा सकेगा । अत: पाप आश्रव रोकने के लिये जीव का अविरतिमय चित्त से परिवर्तित होकर विरतिमय परिणामों में आना आवश्यक है ।

राजा की हिंसा के स कल्प वाला प्रतिक्षा के समयों में वर्षों में राजा की कुछ भी हानि नहीं करता है, फिर भी वह वधक या अमित्र है । वैसे ही जीव में पापों के आचरण की योग्यता बनी रहती है जिससे वह अप्रत्याख्यान रूप क्रिया का भागी बनता है ।

प्रश्न– जिसको कभी देखा नहीं, सुना नहीं, जाना नहीं है, उसके प्रति हिंसक चित्त कैसे ?

उत्तर– जैन सिद्धा तानुसार जीव सभी योनियों मे भ्रमण करता है, इसलिये उसके पूर्वभव के पापमय, चित्त के स स्कार की पर परा नष्ट नहीं होती है । इस कारण कोई जीव किसी का अनदेखा नहीं है । अत: वधक परिणामों की पर परा भवा तर से चली आती है । जिस प्रकार राजा की हिंसा का स कल्पबद्ध व्यक्ति गाढ निद्रा में भी सोता है, फिर भी उसे अहिंसक या राजा का मित्र तो नहीं कहा जा सकता । उसी तरह एकेन्द्रिय आदि सभी जीव विरति परिणाम के अभाव में अविरत है और अविरत जीव आश्रव–कर्माश्रव युक्त होता है ।

प्रश्न–जब हम कभी झूठ बोलते नहीं है, किसी जीव को दु:ख देते नहीं है, मारते नहीं है तो त्याग का ढोंग और अह करके आत्मा को भारी क्यों करें ?

उत्तर– ऐसा सोचने वाले व्यक्ति अपने आप को निष्पापी और त्यागी होने का झूठा विश्वास करते हक्त । वे तीव्र मोह कर्म के नशे में सुप्त

होते हक्त । वे पाप और त्याग को समझते ही नहीं अर्थात् पापों के सूक्ष्म बादर भेद प्रभेदों से वे अनभिज्ञ है और व्रत–त्याग के माहात्म्य से अजाण है । स सार का छोटा से छोटा प्राणी भी पाप रहित नहीं है । पूर्व तीसरे अध्ययन में बताया गया है कि एकेन्द्रिय जीव भी त्रस स्थावर प्राणियों के प्राणों को विध्वस्त कर उनके अचित्त शरीर का आहार करते हक्त । तो मानव की तो बात ही क्या ? उसके जीवन में कदम-कदम पर ज्ञानियों की दृष्टि में अनगिनत पाप रहे हुए हक्त । निष्पाप जीवन तो सच्चे त्यागी महाव्रतधारी का हो सकता है । अत: स सारी मानव को यथाशक्य पापों का, उपभोग परिभोग का, ऐशोआराम का, इच्छाओं का त्याग-प्रत्याख्यान करना ही चाहिये । प्रत्याख्यान का चित्त ही जीव को आश्रवमुक्त, कर्मब ध मुक्त बना सकता है । प्रत्याख्यान के चित्त से अज्ञान और मिथ्यात्व=मिथ्या विचारों का खात्मा होता है । अन त तीर्थंकरों ने, महापुरुषों ने प्रत्याख्यान को जीवन में उत्तरोत्तर स्थान दिया है । अविरति– अप्रत्याख्यान से प्रत्याख्यान में पहुँच कर ही जीव वास्तव में जिनानुयायी होकर आत्म विकास साध सकता है । विरति को अह या ढोंग कहना या समझना भी अविरति की, अप्रत्याख्यान की जीव की अनादि टेव का प्रभाव है । उसी अनादि अज्ञान के गुप्त नशे में व्यक्ति अपने आपको ज्यादा ज्ञानी त्यागी या अपापी मानने का भ्रम करता है । उसे जिनवाणी के अध्ययन से सूक्ष्म, सूक्ष्मतम और स्थूल सभी पापों को समझकर वास्तविक और परिपूर्ण पाप त्यागी बनने का प्रयत्न करना चाहिये ।

इस अध्ययन का परमार्थ :– आत्म कल्याण के इच्छुक आत्माओं को पाप और अविरति को जिनवाणी से भलीभाँति समझ कर पापों का स पूर्ण त्यागी–विरत बनना चाहिये । जब तक पूर्ण त्याग न हो सके तब तक अपने ज्ञान का विकास करके **जितना शक्य हो** उतना पाप का, प्रवृत्तियों का, भोग-उपभोग सामग्री का और मौज शौक का त्याग करना चाहिये । विरतिमय प्रत्याख्यानमय चित्त की वृद्धि करनी चाहिये अन्यथा अनादि पाप और भोग स स्कार आत्मा पर हावी होकर उसे(अपने आपको अपापी होने का भ्रम रहते हुए भी) पापी और अविरत बनाये रखेंगे । पाप और अविरत का परिणाम स सार परिभ्रमण

और दु:ख रूप है । जब कि प्रत्याख्यान का परिणाम कर्मब ध मुक्ति और स सार दु:ख मुक्ति रूप है ।

निबंध-४८

भाषा संबंधी अनाचार एवं विवेक ज्ञान

(१) लोक द्रव्यापेक्षया शाश्वत है नित्य है और पर्यायापेक्षया अशाश्वत-अनित्य है । **(२)** तीर्थंकर महाविदेह क्षेत्र की अपेक्षा सदा रहते हक्त । भरत-एरवत क्षेत्र की अपेक्षा उनका विच्छेद होता है । **(३)** सभी प्राणी जीवत्व की अपेक्षा, आत्म तत्त्व की अपेक्षा समान है । वर्तमान भव-अवस्था की अपेक्षा समान-असमान दोनों प्रकार के हो सक्तेहक्त । **(४)** कुछ जीव सदा कर्म ब धन युक्त ही रहने वाले हक्त और कुछ जीव कर्म रहित भी हो सकते हक्त । **(५)** छोटे-बडे प्राणी की हिंसा से कभी समान और कभी हीनाधिक कर्मब ध हो सकता है अर्थात् समिति युक्त सावधानी पूर्वक प्रवृत्ति करने पर भी सहसा छोटे या बडे जीव की विराधना हो जाय तो उससे कभी समान और कभी असमान कर्म ब ध होता है । ग्यारहवाँ, बारहवाँ और तेरहवाँ इन गुणस्थानवर्ती जीवों को समान ब ध होता है । शेष गुणस्थानवर्ती जीवों को कभी समान और कभी असमान दोनों प्रकार के कर्म ब ध होते हक्त । **(६)** आधाकर्मी आहार-पानी आदि किसी भी वस्तु का उपयोग करने वाले श्रमणों में से आशय की शुद्धि या अशुद्धि के कारण तथा अनजाने या भूल आदि के कारण कभी किसी को पापकर्म का ब ध होता है, कभी किसी को ब ध नहीं होता है यह सर्वज्ञों के ज्ञान का विषय है अत: छद्मस्थ साधक इस विषय में आग्रह युक्त कथन नहीं कर सकता । **(७)** औदारिक आदि पाँचों शरीर परस्पर कथ चित् भिन्न, कथ चित् अभिन्न एकमेक होकर रहते हक्त तथा पाँचों शरीरों की शक्ति-सामर्थ्य में भी विभिन्नता होती है । [यहाँ पाँच शरीरों में से आदि, मध्य, अ त के तीन शरीरों का कथन है तथापि उपलक्षण से पाँचों शरीर का ग्रहण कर लिया जाता है।] **(८)** लोक और अलोक दोनों का अस्तित्व स्वीकारना चाहिये उसी तरह लोक में जीव-अजीव, धर्म-अधर्म, ब ध-मोक्ष, पुण्य-पाप, आश्रव-स वर, वेदना-निर्जरा ये सभी तत्त्व हक्त इनका स्वीकार करना चाहिये

अर्थात् इनका निषेध नहीं करना चाहिये । **(९)** स सारी जीवों को क्रोध, मान, माया, लोभ, राग-द्वेष आदि होते हक्त और उनका यथायोग्य कर्मब ध रूप फल भी जीवों को भोगना पडता है । **(१०)** चार गतिरूप स सार का अस्तित्व है, देव-देवियाँ और सिद्ध भगवान का अस्तित्व भी लोक में है और सिद्धि स्थान रूप जीवों का निजस्थान भी लोकाग्र में है, ऐसा स्वीकारना चाहिये । **(११)** लोक में साधु-सुसाधु भी होते हक्त और असाधु-कुसाधु भी होते हक्त अर्थात् सच्चा साधुपणा कोई पालन कर ही नहीं सकता, ऐसा नहीं बोलना चाहिये । **(१२)** स सार में अच्छे कार्य-आचरण भी है, खराब आचरण भी है और उनका यथायोग्य परिणाम-फल भी जीव को प्राप्त होता है, ऐसा स्वीकारना चाहिये । कुछ अज्ञानी लोग स्वय को प डित मानकर ऐसा कथन करते हक्त कि अच्छा खराब ऐसा कुछ भेद नहीं करना चाहिये । जीव के स्वभाव से जो प्रवृत्ति हो जाय उसे होने देना चाहिये । सहज भाव में वर्तते रहना चाहिये । अच्छे-खराब के विकल्पों में नहीं फँसना चाहिये । ऐसा कथन करने वाले कर्मब ध को समझते नहीं है। जिससे वे स्वय अज्ञान दशा से यथेच्छ पाप-प्रवृत्ति करते हक्त और दूसरों को भी स्वच्छ द वृत्ति में स लग्न करते हक्त । ऐसे प्राणी प्रत्याख्यान या आत्म साधना, इन्द्रिय-निग्रह, कषाय-विजय आदि कुछ भी नहीं करते हुए मिथ्यात्व, अज्ञान के कारण दुर्गति के भागी बनते हक्त । वास्तव में अनादिकाल से स सारप्रवाह में प्रवहमान जीवों के पाप आचरण परिचित हो जाते हक्त, उन्हें ज्ञानियों की स गति से समझना चाहिये और अनादि कुटेवों का, कुस स्कारों का विवेकपूर्वक त्याग करना चाहिये । तात्पर्य यह है कि आत्मा को निर कुश नहीं छोडकर ज्ञान रूप अ कुश में रखकर जिनेश्वरों द्वारा दिखाये गये मार्ग का अनुसरण करके आत्म साधना स यम साधना-आराधना युक्त जीवन जीना चाहिये । तभी आत्म-कल्याण और मोक्ष प्राप्ति स भव होती है । **(१३)** स सार के समस्त पदार्थ हक्त जैसे ही रहते हक्त, उनमें परिवर्तन होना भ्रम मात्र है, ऐसा कथन करना अज्ञानभरा है । वास्तव में प्रत्येक पदार्थों की पर्यायों का अवस्थाओं का परिवर्तन होता रहता है । **(१४)** जगत में सुख दु:ख दोनों है, सुखी-दु:खी दोनों प्रकार के प्राणी है, ऐसा समझना चाहिये । कि तु सभी आत्माएँ दु:खी ही है, कोई सुखी है ही नहीं, ऐसा कथन नहीं करना

चाहिये । **(१५)** सभी जीव अपनी उम्र अनुसार जीते-मरते हक्त अत: किसी भी प्राणी को मारने से कुछ नहीं होता, ऐसा कथन नहीं करना चाहिये । क्यों कि किसी भी प्राणी के प्राणों को नष्ट करना हिंसा पाप है । जो १८ पापों में प्रथम पाप है । स्वय के पाप के परिणाम और पाप की प्रवृत्ति से कर्मब ध होता है तथा कर्म ही दु:ख का मूल है, स सार है । **(१६)** कोई पापी अपराधी प्राणी राजद ड से मृत्यु का आभागी है उसे यह अवद्य है, मारने योग्य नहीं है, ऐसे व्यवहार से विपरीत वचन भी साधु को नहीं बोलना चाहिये । कि तु मौन रहकर, तत्स ब धी चि तन से मुक्त रहकर साधना में लीन रहना चाहिये और कदाचित् वैराग्यपूर्ण अनुक पा के भावों को उपस्थित करके स सार भावना के स्वरूप का विचार करना चाहिये । **(१७)** जिनाज्ञा अनुसार स यम का यथार्थ पालन करने वालों के प्रति अपनी अज्ञानता से या मलिन विचारों से 'यह तो ढोंगी है' कपट क्रिया करने वाले हक्त, ऐसी मान्यता-विचारधारा रखनी नहीं चाहिये । **(१८)** किसी भी प्रकार की भविष्यवाणी रूप कथन भी साधु को नहीं करना चाहिये । यथा- अमुक व्यक्ति के पास से दान-दक्षिणा प्राप्त होगी ही या प्राप्त नहीं होगी । क्यों कि दोनों व्यक्तियों के अ तराय कर्म के क्षयोपशम अनुसार होता है । उसे सर्वज्ञ ही जान सकते हक्त । अत: छद्मस्थ को ऐसे कथन करने में कभी मिथ्या कथन का दोष लग सकता है । अत: इस प्रकार के भावी विषयक कथन से साधु को दूर ही रहना चाहिये । उपरोक्त सभी विषयों में जैसी आगम आज्ञा है जैसा जिनेश्वर का आदेश है तदनुसार ही अपनी श्रद्धा-प्ररूपणा एव आचरण तथा भाषा का प्रयोग करने चाहिये । ए सा विवेक व्यवहार और शुद्ध स यमानुष्ठान साधक को मोक्ष प्राप्ति पर्यंत निर तर करते रहना चाहिये । इस प्रकार की शिक्षा अध्ययन की अ तिम तेतीसवीं गाथा में दी गई है ।

निबंध-४९

अपात्र और अयोग्य को ज्ञान क्यों देना

पात्रता में विनय व्यवहार के सिवाय अन्य गुण भी विचारणीय होते हक्त । विनय व्यवहार नहीं करने में व्यक्ति का क्या आशय है ?

क्या सिद्धा त है ? क्या समाचारी का हेतु रहा है या अन्य कोई भ्रम आदि है ? इसको अपनी बुद्धिबल से समझना होता है । कभी सच्ची जिज्ञासा भी व्यक्ति को विशेष पात्र साबित कर देती है । इसके उपरा त अपने ज्ञानबल से सामने वाले व्यक्ति के भविष्य स ब धी परिणाम का विचार करके भी व्यवहार किया जाता है । स्वय गौतम स्वामी चार ज्ञान के धारक और चौदह पूर्वी थे । अत: उदक मुनि की पात्रता वे समझते थे। शास्त्रोक्त वचन उपरा त भी व्यवहार कृत्यों में व्यक्ति की विचक्षणता अनुसार अनेक सत्ता-अधिकार स्वत: सिद्ध होते हक्त । जिनशासन में बहुश्रुत विद्वान बुद्धिमान श्रमणों को ऐसे अधिकार हों इसमें कोई स देह नहीं है । इसी कारण गौतमस्वामी को उदकमुनि से चर्चा करने में भगवान महावीर की स्वीकृति भी लेनी आवश्यक नहीं हुई ।

श्री भगवती सूत्र शतक ९ उद्दे.३३ अनुसार स्वय भगवान महावीर स्वामी ने विनय व्यवहार व दन आदि नहीं करके आकर खडे होते ही सीधे प्रश्न खडे करने वाले गा गेय अणगार को अनेक भ ग स ख्यामय प्रश्नों का विस्तृत उत्तर दिया था । वास्तव में उस समय की परिस्थिति ऐसी ही विचित्र बनी हुई थी कि गौशालक ने भी चौवीसवें तीर्थंकर होने का चतुर्विध स घ का माहोल तथा आठ महा प्रतिहार्य, अतिशय आदि बना रखे थे । पार्श्वनाथ भगवान के शासन के साधुओं के समक्ष बडी उलझन खडी हो रही थी कि सच्चा कौन है ? किसे स्वीकार करना या नहीं ? इसी श का की स्थिति के कारण पार्श्वनाथ भगवान के साधु व दन करने का निर्णय नहीं कर पाते थे । उदकमुनि तो अपनी जिज्ञासा का समाधान हेतु ही आये थे फिर भी उक्त उलझन के कारण व दन करने के लिये उनकी आत्मा तत्पर नहीं बन शकी थी । ऐसी परिस्थिति को समझकर ही परम दिलावर स्वय तीर्थंकर प्रभु एव गणधर आदि श्रमण आग तुक का तिरस्कार किये बिना सहज सरलता एव निरभिमानता के साथ जिज्ञासु को समझने का प्रयत्न करते थे । पाठकों को यह उदारता और विचक्षणता समीक्षा करने योग्य है ।

निबंध-५०

धर्म की प्राप्ति तथा धर्म के प्रकार

जीव जब तक आर भ और परिग्रह को समझ नहीं लेता है और

समझ कर उसके प्रति आसक्ति का त्याग नहीं करता है तब तक उसकी आत्मा में धर्म की उपलब्धि नहीं होती है । अर्थात् आर भ-परिग्रह में रचे-पचे आसक्त जीव धर्माभिमुख नहीं बन सकते ।कभी कोई व्यक्ति देखादेखी या प्रवाह मात्र से धर्मी बन भी जाय तो भी जबतक वह आर भ परिग्रह को समझकर उसकी आसक्ति से नहीं हट जाता है तब तक वह वास्तव में धर्म पाया हुआ नहीं कहलाता है । जो आर भ-परिग्रह को समझकर भावों से उसकी आसक्ति कम कर देते हक्त वे ही वास्तव में धर्मबोध पा सकते हक्त या उन्होंने धर्मबोध प्राप्त किया है, ऐसा समझा जा सकता है ।

इस प्रकार आर भ परिग्रह की आसक्ति हटाकर धर्मबोध पाने वाले, क्रमशः अणगार धर्म स्वीकार कर सकते हक्त । ब्रह्मचर्यवास स वर-स यम यावत् केवलज्ञान पर्यंत पाँचों ज्ञान में से कोई भी ज्ञान प्राप्त कर सकते हक्त । यह इस प्रकार का धर्म जीव को किसी के पास सुनने से भी प्राप्त होता है और बिना सुने स्वतः आत्मबोध भी हो सकता है । जो पूर्वभव के ज्ञान प्रभाव से या क्षयोपशम से होता है ।

धर्म का सच्चा स्वरूप :- धर्म दो प्रकार का कहा है- श्रुत धर्म और चारित्र धर्म तथा यह भी बताया गया है कि ज्ञान और चारित्र, इन दो से स पन्न जीव-अणगार अनादि अन त इस स सार को पार करके मुक्त हो सकते हक्त । यहाँ ज्ञान से सम्यग्ज्ञान और उसकी सम्यग् श्रद्धान समझ लेना चाहिये तथा सम्यक्चारित्र के साथ सम्यक् तप समझ लेना चाहिये। क्यों कि उत्तराध्ययन सूत्र में ज्ञान, दर्शन,चारित्र तथा तप रूप चतुर्विध मोक्षमार्ग कहा है । कोई मात्र ज्ञान से ही मुक्ति माने, त्याग-प्रत्याख्यान एव विरति आदि की उपेक्षा करे तो वह मुक्ति मार्ग नहीं हो सकता । एका त आग्रह होने से वह भी स सार भ्रमण का मार्ग ही बनता है ।

चारित्रधर्म के भी दो भेद किये हक्त- आगारचारित्र धर्म और अणगारचारित्र धर्म अर्थात् श्रावक धर्म और श्रमणधर्म । साधकों को अपनी अल्प क्षमता होने पर या अवसर-स योग अनुसार श्रावकधर्म स्वीकार करना चाहिये, उसमें भी एक-एक व्रत से बढते हुए उत्कृष्ट बारह व्रतधारी श्रावक बनना चाहिये । आगे बढते हुए पडिमाधारी

श्रावक बनकर अ त में स लेखना स थारा युक्त श्रावक धर्मपालन का लक्ष्य रखना चाहिये ।

श्रावकधर्म पालन करने के साथ क्षमता बढाकर या स योग, अवसरों को सुधारकर अणगार धर्म स्वीकारने का लक्ष्य भी रखना चाहिये और उसमें सफलता मिल जाने पर उत्साहपूर्वक अणगार धर्म धारण कर लेना चाहिये । फिर उसकी आगमानुसार आराधना में तत्पर बन जाना चाहिये, यही यहाँ बताये गये द्विविध धर्म का सार है तथा ज्ञान और चारित्र दोनों के सेवन से मुक्ति कहने का सही तात्पर्य है।

अतः जो जिनधर्म स्वीकारने का स तोष करके भी श्रावक व्रतों में आगे बढने का, व्रत-प्रत्याख्यान बढाने का अथवा स यम लेने का उद्देश्य ही नहीं रखते, व्रत प्रत्याख्यान वृद्धि एव स यम ग्रहण का कोई विशेष महत्त्व ही नहीं स्वीकारते है तो आगम के इस द्विविध धर्म वर्णन से एव ज्ञान और चारित्र से मुक्ति होने के वर्णन से उनकी वह विचारणा बराबर नहीं है, परिपूर्ण नहीं है । मोक्षमार्ग की आराधना में ज्ञान, दर्शन,चारित्र (श्रावकपन या साधुपन) तथा तप(आभ्य तर- बाह्य दोनों) चारों की सुमेलपूर्वक आवश्यकता समझनी चाहिये ।

निबंध-५१

६४ इन्द्र संबंधी ज्ञान

यहाँ दो-दो बोल का कथन होने से दो-दो इन्द्रों का कथन करते हुए चारों जाति के देवों के कुल ६४ इन्द्र कहे हक्त । स क्षेप में वे इस प्रकार हक्त- भवनपति देवों के-२०, व्य तर देवों के-३२, ज्योतिषी देवों के-२ और वैमानिक देवों के १० इन्द्र हक्त, यों कुल २०+३२+२+ १०=६४ इन्द्र होते हक्त । आगमानुसार ज्योतिषी देवों में अस ख्य इन्द्र होते हक्त तथापि जाति रूप से या अपेक्षा विशेष से गिनती की अपेक्षा आगम में ही इन्द्रों की यह ६४ स ख्या कही जाती है । ६४ इन्द्रों के नाम यहाँ इस प्रकार दर्शाये गये हक्त-

भवनपतिदेवों के बीस इन्द्र :- भवनपति की असुरकुमार आदि दस जातियाँ है, उन दशों जातियों में उत्तर दिशावर्ती और दक्षिण दिशावर्ती दो-दो इन्द्र होने से कुल बीस इन्द्र होते हक्त, यथा- (१-२) चमरेन्द्र-बलीन्द्र

(३-४) धरणेन्द्र-भूतानेन्द्र (५-६) वेणुदेव-वेणुदाली (७-८) हरिक त-हरिस्सह (९-१०) अग्निसि ह-अग्निमाणव (११-१२) पूर्ण-विशिष्ट (१३-१४) जलका त-जलप्रभ (१५-१६) अमितगति-अमितवाहन (१७-१८) वेल ब-प्रभ जन (१९-२०) घोष-महाघोष ।

वाणव्य तर देवों के बत्तीस इन्द्र :– वाणव्य तर के पिशाच आदि आठ और आणपन्नी आदि आठ यों १६ जाति है । इन १६ जाति में उत्तर दिशावर्ती और दक्षिण दिशावर्ती दो-दो इन्द्र होने से कुल ३२ इन्द्र होते हक्त,यथा– **पिशाचादिके–** (१-२) काल-महाकाल (३-४) सरूप-प्रतिरूप (५-६) पूर्णभद्र-माणिभद्र (७-८) भीम-महाभीम (९-१०) किन्नर-कि पुरुष (११-१२) सत्पुरुष-महापुरुष (१३-१४) अतिकाय-महाकाय (१५-१६) गीतरति-गीतयश ।

आणपन्नी आदि के–(१७-१८) सन्निहित-सामान्य (१९-२०) धाता-विधाता (२१-२२) ऋषि-ऋषिपालक (२३-२४) ईश्वर-महेश्वर (२५-२६) सुवत्स-विशाल (२७-२८) हास्य-हास्यरति (२९-३०) श्वेत-महाश्वेत (३१-३२) पत ग-पत गगति ।

ज्योतिषी देवों के दो इन्द्र– च द्र और सूर्य। **वैमानिकदेवों के १० इन्द्र–** (१) सौधर्मेन्द्र (२) ईशानेन्द्र (३) सनत्कुमारेन्द्र (४) माहेन्द्र (५) ब्रह्मलोकेन्द्र (६) ला तकेन्द्र (७) महाशुक्रेन्द्र (८) सहस्रारेन्द्र (९) प्राणतेन्द्र (१०) अच्युतेन्द्र। देवलोक १२ है तथापि इन्द्र १० है, क्यों कि नववें दसवें देवलोक का सम्मिलित एक ही इन्द्र-प्राणतेन्द्र है । उसी तरह ग्यारवें बारहवें का सम्मिलित एक ही इन्द्र अच्युतेन्द्र है । नवग्रैवेयक और पाँच अणुत्तर विमान में सभी इन्द्र ही है, उन्हें अहमेन्द्र कहा गया है । अत: उनकी गिनती ६४ इन्द्रों में नहीं की गई है ।

निबंध–५२

तारे टूटने का अर्थ

तारा टूटना यह एक लोक व्यवहार भाषा का कथन मात्र है । आगम में **तारा रूवा चलेज्जा** ऐसा पाठ भाषा के विवेक के साथ है। जिसका अर्थ है– तारा जैसे रूप में आकाश में कुछ चलता है, चलते हुए देखा जाता है । ऐसा दिखना तीन प्रकार से होता है– (१) कोई देव

आकाश में रहकर विकुर्वणा करे, वैक्रिय शक्ति प्रयोग से पुद्गल ग्रहण करे, छोडे तो उसमें कोई पुद्गल वैक्रिय शरीर योग्य उद्योत गुण वाले हों तो वे आकाश में इधर-उधर चलायमान होते दिखते हक्त अर्थात् पदार्थों की चमक दिखती है । जैसे कि फटाकों के कोई पुद्गल उपर जाकर चमकते हुए दिखकर वहीं समाप्त हो जाते हक्त वैसे ही ये चमकने वाले पुद्गल थोडी देर में वहीं समाप्त–विशीर्ण होकर दिखने ब ध हो जाता है । (२) देव आकाश में परिचार–स चरण करते हक्त तब कुछ देर तक तारा जैसे चमकते पुद्गल और चलते पुद्गल दिखते हक्त थोडी देर बाद वे देव अपने से दूर हो जाय या उनके बाधक कोई विमान आदि आ जाय या वे विमान के अ दर चले जाय, तब अपने को दिखना ब द हो जाता है। अत्य त दूर ऊँचे सैकडों माइल आदि होने से चमकीले पदार्थ कितने भी बडे हों वे तारा जैसे छोटे दिखने लग जाते हक्त । (३) च द्र, सूर्य, ग्रह और नक्षत्र के विमान सदा अपने स्थान(अवग्रह) में रहते हुए गोलाकार में मेरु पर्वत के प्रदक्षिणा लगाते हुए और मेरु से समान दूरी पर रहते हुए भ्रमण करते रहते हक्त । वे चारों तरह के विमान कभी भी आजु-बाजू या ऊपर-नीचे नहीं सरकते हक्त । कि तु तारा विमान कभी आडे-टेढे भी चल सकते हक्त और थोडी दूर जाकर फिर अपनी पूर्ववत् परिक्रमा चालू कर देते हक्त । जिससे भी लोक में हमें तारा टूटता है, ऐसा आभास होता है; जिसे शास्त्रकार की भाषा में तारा रूप चलना कहा गया है ।

निबंध–५३

लोक में उद्योत व अंधकार का तात्पर्य

लोक में कहीं भी होने वाली प्रक्रिया को लोक में होना कहा जाता है । उसे आखा लोक समझ लेना एक बहुत बडी भूल है, जो भ्रम से चली आ रही है । शास्त्र में अनेक बातें लोक शब्द से कही हुई है, उन्हें आखालोक नहीं समझा जाता । यथा– लोक में दस अच्छेरे कहे हक्तो गर्भहरण, अस यति पूजा, च द्र-सूर्यावतरण वगेरे पूरे लोक में नहीं समझना । लोक में किसी एक भाग में होने वाली घटना को लोक की घटना कही गई है । जब कि अस यति पूजा भरत क्षेत्र में ही हुई, उसे पूरे लोक में मानने की कोशीश नहीं की जा सकती । तात्पर्य यह है कि

जिसका जितना जैसा प्रस ग हो वैसा अर्थ समझा जाता है।

ठीक उसी तरह लोक उद्योत और लोक अ धकार भी अपेक्षा से समझे जा सकते हक्त । लोक में जहाँ देवों का आगमन होता है, जिस मार्ग से देव या देव विमान निकलते हक्त वहाँ पर प्रकाश हो जाता है । क्यों कि आगे के सूत्र में ही उसका स्पष्टीकरण आ जाता है कि **देवुज्जोए सिया**–देव स ब धी उद्योत होता है । लोक का अर्थ है हमारे इस मनुष्य लोक में । लोक से पूरा लोक अर्थ का आग्रह करने पर अनेक सूत्र पाठों के अर्थ में दुविधा पैदा होती है ।

तीर्थंकरों के ऐसा कोई उद्योत नाम कर्म भी शरीर में नहीं होता है कि जो पूरे लोक में चमक–प्रकाश करे । खुशी में आकर देवता प्रकाश करे तो वे भी पूरे लोक में ऐसा नहीं कर सकते, अमुक सीमित क्षेत्र में ही देवता प्रकाश, वर्षा, बिजली, गर्जना, कोलाहल, सि हनाद आदि कर सक्तेहक्त।

यहाँ जो अ धकार होने का कथन है वह तो एक मात्र भाव अ धकार की अपेक्षा ही समझना चाहिये, वह भी एक देश में अर्थात् सीमित क्षेत्र की अपेक्षा समझना चाहिये । क्यों कि पाँच महाविदेह क्षेत्र की १६० विजयों में पूर्वों का ज्ञान, जिनशासन, धर्म और अनेक तीर्थंकर केवली, द्वादशा गधारी, पूर्वधारी होते ही हक्त । अत: लोक से हमारा यह भरतक्षेत्र, उसमें भी तीर्थंकर की नगरी और आने वाले देवों का प्रकाश जहाँ जहाँ तक पहुँचता है, जिधर से वे गमनागमन करते हक्त वह क्षेत्र समझना चाहिये । तीर्थंकर के जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान के समय पूरे लोक में प्रकाश होना मानकर नरक सहित १४ राजलोक प्रमाण में द्रव्य प्रकाश होना मानना, बिना सूक्ष्मतम विचारणा से एव आगम में प्रयुक्त शब्दों के प्रास गिक अर्थ की अपेक्षा को ध्यान में लिये बिना अनुपयोग से तथा अतिशयोक्ति के मानस से चलाई गई पर परा समझनी चाहिये । अत: **लोगुज्जोए**–लोक में उद्योत अर्थात् प्रास गिक क्षेत्र में द्रव्य प्रकाश अर्थ समझना पर्याप्त और समाधान युक्त होता है ।

लोक में अ धकार का यहाँ तीन कारणों से जो भी कथन है वह द्रव्य अ धकार का विषय नहीं है, उसमें भाव अ धकार अर्थ करना

प्रस गस गत एव समाधानकारक होता है । पूर्वों का विच्छेद होने से जिनशासन में कुछ अभाव, कमी होने से उसे भाव अ धकार होना समझा जा सकता है । द्रव्य अ धकार होना अस भव है और ऐसा मानना भी अस गत है ।

देवुज्जोए–देव धयारे शब्द से पूरे देवलोक में प्रकाश या द्रव्य अ धकार अर्थ किया जाय तो यहीं पर क्रमश: **देवुक्कलिया, देवकह-कह** वगेरे शब्दों से पूरे देवलोक में देवों की किलकारियाँ, देवों की चिक-चिक, देवों का आवागमन आदि मानना पडेगा पर तु ऐसा नहीं समझ करके जहाँ जहाँ जितने क्षेत्र में देवों का आवागमन होता है वहीं देवों की किलकारियाँ, चिक-चिक और स न्निपात आदि समझा जाता है । ठीक उसी तरह उद्योत, देवुद्योत भी उसी क्षेत्र में समझना चाहिये, पूरे देवलोक में नहीं समझना चाहिये । इसलिये लोकुद्योत भी लोक में जहाँ प्रस ग है, जिधर से देवों का आवागमन है, वहीं तक समझना चाहिये । इस प्रकार यहाँ के सूत्रों का अर्थ होता है कि– (१) तीर्थंकरों के जन्म समय (२)दीक्षा समय (३)और केवलज्ञान के समय लोक में=प्रास गिक क्षेत्र में उद्योत होता है । इन तीन प्रस गों में देवों के आवागमन प्रस ग से देव स ब धी उद्योत, खुशियाँ, किलकारियाँ, चिक-चिक=घोंघाट होता है ।

इसी प्रकार (१) तीर्थंकर के निर्वाण होने से (२) तीर्थंकर धर्म का विच्छेद होने से (३) पूर्वज्ञानरूप श्रुतज्ञान के विच्छेद होने से; लोक में अर्थात् प्रास गिक क्षेत्र में(क्यों कि महाविदेह क्षेत्र में धर्म और पूर्वज्ञान सदा रहता है।) भाव अ धकार=धर्म की हानि रूप अ धकार होता है, जिसका आभास धर्मी-धर्मनिष्ठ मानव और देवों को होता है । इसीलिये यह भावा धकार भी एक देश = लोक के एक भाग में होते हुए भी इसे शास्त्र में शब्द प्रयोग दृष्टि से **लोग धयारे** कहा गया है कि तु उसके साथ **सव्व लोग धयारे** नहीं कहा गया है । अत: महाविदेह क्षेत्र में ये भावा धकार नहीं होने पर भी यहाँ कथित **लोग धयारे** से कोई विरोध नहीं समझा जाता है ।

इसी सूत्र के चौथे स्थान में तीर्थंकर के निर्वाण प्रस ग पर भी

लोग धकार कहा है और उसके साथ के सूत्र में लोकुद्योत भी कहा है । उसका भी तात्पर्य यही है कि प्रास गिक क्षेत्रों में निर्वाण समय में देवों के आगमन का द्रव्य प्रकाश होता है और शासनप्रेमी धर्मनिष्ठ आत्माओं के लिये भावा धकार भी होता है । तीर्थंकरों से और ज्ञान से, धर्म से स ब धित इस अ धकार के लिये द्रव्य अ धकार कहीं भी नहीं समझकर मात्र भाव अ धकार ही समझना चाहिये ।

नारकी जीवों के क्षणिक सुख का कथन शास्त्र में आता है, उसे भी इस लोकप्रकाश से स ब धित किया जाता है कि तु उस क्षणिक सुख का स ब ध तो देवों के नरक में जाने के निमित्त से समझा जा सकता है । उसके लिये प्रस्तुत प्रकाश के कथन को आखा लोक में मानना जरूरी नहीं होता ।

सूत्रोक्त तीन प्रस गों पर इन्द्र, सामानिक, त्रायत्रिंशक, लोकपाल, अग्रमहिषी देवियाँ, परिषद के देव-देवी, अनिकाधिपति, आत्मरक्षक देव भी आते हक्त । इसके सिवाय लोका तिक देव भी पाँचवें देवलोक से इन तीनों प्रस गों पर आते हक्त । मुख्य रूप से लोका तिक देव तीर्थंकर के दीक्षा के पूर्व आकर, अपना जीताचार निभाते हुए भगवान से दीक्षा हेतु प्रेरणा वाक्य बोलकर, भगवान के दीक्षा के भावों का बहुमान करते हक्त ऐसा प्रसिद्ध है । तथापि प्रस्तुत सूत्रानुसार वे जन्म, दीक्षा और केवलज्ञान आदि प्रस ग पर भी उपस्थित होते हक्त। इन तीनों प्रस गो पर देवों के(इन्द्रों के) अ गस्फुरण होता है, वे सर्व कार्य छोडकर उठ जाते हक्त, उनके चैत्यवृक्ष भी चलित-स्फुरित होते हक्त । इन प्रस गो पर खुशी में आकर देव सि हनाद करते हक्त, **चेलुक्खेवे-** ध्वजाएँ भी फहराते हक्त ।

निबंध-५४

लोक में उद्योत अंधकार का तात्पर्य

प्रस्तुत में मानव के जीवन में तीन का महान उपकार स्वीकारा गया है । तीन की स ख्या का प्रकरण होने से (१) माता-पिता को एक साथ में कहकर उनका उपकार स्वीकारा गया है । (२) स सार में जीवन यापन के लिये आजीविका, एक बडा प्रश्न है । जो कोई भी व्यक्ति व्यापार में मदद करता है, जिसके नेतृत्व में रहकर व्यापार की कला में पार गत

बना जाता है, उसे यहाँ भट्टी-स्वामी-मालिक कहा गया है । व्यक्ति के जीवन निर्वाह में या आजीविका निर्वाह में, सुखी जीवन व्यतीत करने में उस स्वामी का मुख्य भाग होता है । अत: माता-पिता के बाद दूसरा उपकारी व्यापारिक स्वामी को, व्यापार कार्य में होशियार करने वाले को कहा गया है । (३) तीसरे न बर में स सार से तिरने का मार्ग दिखाने वाले और दीक्षा देने वाले धर्मगुरु धर्माचार्य का उपकार स्वीकारा गया है और इनका ऋण स्वीकारा गया है ।

इस ऋण से मुक्त होने के विषय में यह समझाया गया है कि तन मन से अर्पणता पूर्वक सब कुछ न्योछावर करते हुए इन तीनों की शारीरिक सेवा की जाय, इन्हें हर तरह से सुखशा ति पहुँचाई जाय वह भी जीवनभर, तो भी पूर्ण रूप से ऋण से उऋणता नहीं हो पाती अर्थात् इतना महान उपकार और ऋण इनका माना गया है । अ त में उऋण होने का एक उपाय प्रस ग बताया गया है कि ये माता-पिता और स्वामी, धर्म में उपस्थित न हों तो उन्हें वीतराग धर्म में जोडने से और धर्म की सच्ची आराधना कराने में पूर्ण मददगार या प्रेरक बनने से इनके ऋण से सच्चा और पूर्ण उऋण बना जा सकता है । यदि ये धर्म को प्राप्त हो गये हो और कोई भी कारण से श्रुत-चारित्रधर्म से उनकी आस्था डोलायमान हो, धर्माचार्य भी उदयकर्म से धर्म में डावाडोल चित्त या सुस्त चित्त बने हों तो ऐसे समय में विवेक तथा बुद्धिमानी पूर्वक इन्हें धर्म में स्थिर करके मोक्षमार्ग के आराधक बनाने में पूर्ण प्रयत्न कर, सफलता प्राप्त कर ली जाय तो इन तीनों के उपकार का सच्चा बदला चुकाया जाना गिना जायेगा ।

निबंध-५५

तीर्थों का विश्लेषण आगमाधार से

द्रव्य तीर्थ और भाव तीर्थ यों दो प्रकार के तीर्थ समझे जा सकते हक्त । भावतीर्थ का अर्थ होता है जिनके माध्यम से अर्थात् सुस गति से स सार सागर से तिरा जाता है । भावतीर्थ इस सूत्र के चौथे स्थान में आगे चार की स ख्या में बताये हक्त । वहाँ साधु-साध्वी और श्रावक- श्राविका इन चारों को तीर्थ कहा गया है । ये अपने ज्ञान से जीवों को बोध देकर,

सन्मार्ग में जोडकर स सार प्रप च से, दुखों से उन्हें मुक्त करा सकते हक्त, स सार समुद्र को तिरने का मार्ग बता सकते हक्त अत: इन्हें तीर्थ कहा गया है । वे चारों भावतीर्थ हक्त ।

प्रस्तुत में तीन की स ख्या के आधार से हमारे भरत क्षेत्र में तीन तीर्थस्थान कहे हक्त । मागध, वरदाम और प्रभास, ये उन तीन तीर्थों के नाम हक्त । उन तीर्थ स्थानों से लवण समुद्र के जल में प्रवेश किया जाता है, इस मार्ग से आगे जाने पर मागध, वरदाम, प्रभास नामक देवों के भवनरूप तीर्थस्थान हक्त, जो जल से घिरे हुए जल मध्य स्थित है, इन्हें ही अपेक्षा से तीर्थ (द्रव्य तीर्थ) कहा गया है । ऐसे तीन तीर्थ एरावत क्षेत्र में, महाविदेह क्षेत्र की सभी विजयों में तथा ज बूद्वीप के समान घातकी ख ड द्वीप और पुष्करार्ध द्वीप में भी ये तीन-तीन तीर्थस्थान है । यों कुल मिलाकर ढाई द्वीप में ५१० तीर्थों का कथन प्रस्तुत सूत्र में किया गया है। इस प्रकार इस स्थाना गसूत्र अनुसार द्रव्यतीर्थ स्थान- ५१० है और भावतीर्थ ४ है । वर्तमान में जैनों में अनेक तीर्थस्थान पर्यटन की अपेक्षा प्रसिद्ध है, जिनका हमारे इन आगमों में तीर्थ रूप में कहीं भी कथन नहीं मिलता है ।

निबंध-५६

चौथा सन्यासाश्रम है तो जैन दीक्षा कब

मानव जीवन में धर्माचरण और आत्मकल्याण करने का अनुपम अवसर होता है और मानव की मृत्यु का कोई निश्चित्त समय नहीं होता है । अत: योग्य समझ, विवेक-बुद्धि होने के बाद मानव कभी भी धर्म का आचरण और स न्यास-स यम स्वीकार कर सकता है । योग्य समझ भी व्यक्ति के पूर्व भव के स चित कर्मों के अनुसार होती है । किसी को गर्भ में भी योग्य समझ होती है, किसी को ४-५ वर्ष की उम्र में तथा किसी को ८-९ वर्ष की उम्र में योग्य समझ हो सकती है । फिर भी बहुलता को ध्यान में रखते हुए जैनागमों में गर्भकाल सहित **नव वर्ष** एव उससे अधिक वय वाले को धर्म के आचरण तथा स न्यास ग्रहण के योग्य कहा है । यह एक **मर्यादा रूप, व्यवस्था रूप** विधान है । कदाचित् कोई इस से पहले भी योग्य हो सकता है (वज्रस्वामी-एव ताकुमार) और कोई

अधिक उम्र तक भी योग्य समझ से व चित रह जाता है । इसलिये यहाँ शास्त्र में एका त आग्रह नहीं दर्शाते हुए अनेका तिक कथन किया गया है कि- तीनों अवस्था में अर्थात् बचपन, जवानी और बुढापे में यों कभी भी भावना और योग्यता हो तो व्यक्ति धर्माचरण यावत् स न्यास-दीक्षा अ गीकार कर सकता है तथा उसे केवलज्ञान तक भी प्राप्त हो सकता है । यहाँ तीनों अवस्थाओं को तीन **याम** कहा गया है । बचपन अवस्था १६ वर्ष तक, १७ वर्ष से ४० वर्ष तक युवावस्था और उसके बाद प्रौढ एव वृद्ध अवस्था है ।

दूसरे प्रकार से तीन वय कही है- प्रथम, मध्यम और पश्चिम। इसमें ३० वर्ष तक प्रथम, ६० वर्ष तक मध्यम और आगे ९०-१०० वर्ष तक पश्चिम वय समझना । **वय** में स पूर्ण उम्र के तीन विभाग कहे हक्त और **जामा** शब्द से जीवन की तीन अवस्थाएँ कही गई है । सार यह है कि मानव जीवन की किसी भी अवस्था में (बाल्य, युवा आदि) और किसी भी वय (प्रथम,मध्यम,पश्चिम) में धर्माचरण एव दीक्षा अ गीकार की जा सकती है, क्यों कि- प्रत्येक मानव की मृत्यु अनिश्चित्त है और योग्य समझ पूर्वभव के स चित कर्म अनुसार होती है । तथापि व्यवस्था की दृष्टि से ९ वर्ष के बाद योग्यता हो तो किसी को भी दीक्षा दी जा सकती है। अ त में १ दिन या एक घडी भी उम्र बाकी हो और व्यक्ति की योग्यता हिम्मत हो तो उसे जैन दीक्षा दी जा सकती है । इसमें आगम-शास्त्रों से कोई विरोध नहीं आता है।

प्रतिप्रश्न- ९ वर्ष में दीक्षा देने की बात गले उतरने जैसी नहीं है अत: १८ वर्ष पहले किसी को दीक्षा नहीं देने का नियम होना चाहिये। उसके पहले कच्ची उम्र में लेने से बाद में स यम-ब्रह्मचर्य का पालन नहीं हो सकने से समाज में बहुत निंदा और टीका-टीपणी होती है, तो उचित क्या है ?

समाधान- अपनी छद्मस्थ बुद्धि से ऐसा एका त मान लेना उचित नहीं है तथा ऐसा मानने में सर्वज्ञों के विधान की अवहेलना आशातना भी होती है । वास्तव में छद्मस्थ साधक किसी के भी वर्तमान गुणों से उसकी योग्यता का परिक्षण कर सकते हक्त और परस्पर परामर्श करके निर्णय कर

सकते हक्त । भविष्य में कौन दीक्षा छोडेगा; गुरु को छोडेगा, ब्रह्मचर्य नहीं पालन कर सकेगा इत्यादि कल्पना और ठेकेदारी किसी के हाथ की बात नहीं है । चौथे आरे में भी गोशालक, जमाली, वेश्या को स्वीकारने वाले एव अनेक निह्नव आदि बनते हक्त । स्वय भगवान महावीर के द्वारा दीक्षा दिए हुए मेघकुमार सरीखे दीक्षा के पहले ही दिन में वापिस घर जाने का सोच सकते हक्त 'उनके वैराग्य की कसौटी नहीं हुई थी', ऐसा भी नहीं कहा जा सकता। पार्श्वनाथ भगवान की सेकडों साध्वियाँ स यम ग्रहण और पालन के बाद गुरुणी से अलग होकर रहने लगी थी ।

अत: बाल वय की दीक्षा पर ही आक्षेप लगाकर अनेक अनिष्ट की कल्पना करना एका तिक सोच है । भगवान का मार्ग अनेका तिक दृष्टिकोण युक्त होता हक्त । वर्तमान में भी हम ध्यान देवेंगे तो अनुभव होगा कि अनेक प्रभावक आचार्य आदि जिनशासन के सितारे जैसे महान साधक ऐसे हुए हक्त और वर्तमान में हैं कि जो ९-१०-१२-१५ वर्ष की वय में दीक्षा लेकर भी बहुमुखी प्रतिभा से स पन्न होकर वर्षों की स यम पर्याय से जिनशासन की प्रभावना कर रहे हक्त । दूसरी ओर देखेंगे तो १८ से ६० वर्ष में दीक्षा लेने वाले भी कोई वापिस घर चले जाय, ऐसे भी उदाहरण देखने को मिल सकते हक्त। अत: अनेका तिक दृष्टिकोण युक्त सर्वज्ञानी तीर्थंकरों की और उनके आगमों की आज्ञा या विधान को सर्वोपरी महत्त्व देना चाहिये । फिर भी विवेक सावधानी रखने के लिये किसी को कोई मनाई नहीं है । तथापि अपनी सोच को ही सर्वोपरी समजकर सर्वज्ञों के, आगमों के विधान को अयथार्थ ठहराने की चेष्टा किसी को भी नहीं करना चाहिये ।

निबंध-५७

आत्मसुरक्षा के तीन साधन

(१) समूह में रहने वाले सहवर्ती साधु स यम का यथार्थ पालन न करे या परस्पर क्लेश कदाग्रह करते हों तो उन्हें विवेक पूर्वक धर्मबोध देकर सावधान करना, वातावरण को शा त, पवित्र रखना (२) गलती करने वाले समझने, मानने के स्वभाव या स्थिति में न हों या उन्हें समझाने की अपनी क्षमता न हो तो मौनभाव पूर्वक स्वय की साधना में अत्यधिक

लीन-एकाग्र बनने का प्रयत्न करना (३) खुद की शा ति एकाग्रता कायम रख सकने के योग्य प्रकृति या अभ्यास न हो तो वहाँ से अपने को अलग कर लेना अर्थात् अन्यत्र चले जाना, अन्य के साथ विहार करना या एका त-एकत्व का सेवन करना; ये क्रमिक आत्मसुरक्षा के, आत्मा को कर्मब ध से और स यम को स कल्प-विकल्पों से सुरक्षित रखने के उपाय हक्त।

निबंध-५८

देवों का मनुष्य लोक में आना या नहीं आना

देवों की मनुष्य लोक में आने की इच्छा होते हुए भी वे तीन कारणों से नहीं आ सकते, यथा- (१) वे दिव्य सुखों मे गृद्ध आसक्त हो जाते हक्त और उन्हें मानुषिक आकर्षण नहीं रहता है जिससे वे यहाँ आने का स कल्प या निर्णय नहीं करते हक्त । (२) उन देवों का वहाँ की आसक्ति के कारण यहाँ के लोगों का प्रेम स ब ध नष्ट हो कर दिव्य प्रेम में स क्रा त हो जाता है । (३) दिव्य सुखों में लीन कोई देव **अभी जाता हूँ, थोडी देर से जाता हूँ** यों स कल्प करते-करते भी यहाँ के लोगों का आयुष्य पूर्ण हो जाता है और उनका आना नहीं हो पाता है ।

तीन कारणों से देवों का मनुष्य लोक में आना हो सकता है- (१) दिव्य सुखों में अनासक्त कोई देव को इस प्रकार विचार होता है कि मनुष्य लोक में मेरे उपकारी आचार्य आदि गुरु भगव त हक्त जिनके प्रभाव से मक्तने यह रिद्धि प्राप्त करी है तो मक्त जाऊँ और उनको व दन नमस्कार करुँ, उनकी पर्युपासना करुँ । (२) किसी अनासक्त देव को ऐसा स केत होता है कि मनुष्य लोक में विशिष्ट ज्ञानी, तपस्वी एव दुष्कर साधना करने वाले महर्षि हक्त, तो मक्त जाऊँ और उन गुरु भगव तो का व दन नमस्कार करके उनकी पर्युपासना करुँ । (३) किसी देव को ऐसे विचार होते हक्त कि मनुष्य लोक में मेरे माता-पिता, भाई, भगिनी, भार्या, पुत्र आदि हक्त तो मक्त जाऊँ और उन्हें अपनी दिव्य ऋद्धि बताऊँ । इस प्रकार मनुष्य लोक के आकर्षण से कोई देव यहाँ आ सकते हक्त ।

इसके अतिरिक्त चोथे स्थान में एक-एक कारण अधिक है यथा- (१) मनुष्य लोक स ब धी ग ध ४००-५०० योजन ऊँचे तक फैली

हुई रहती है । उस ग ध के कारण भी देवता नहीं आते हक्त। (२) अपने पूर्व भव के मित्र, गुरु, शिष्य आदि के साथ प्रतिज्ञाबद्ध हो तो उसे प्रतिबोध देने के लिये देव आते हक्त । इसी के उपलक्षण से किसी के द्वारा अत्यधिक स्मरण, जाप-तप युक्त भक्ति करने पर देव का अ गस्फुरण होने से भी वे मनुष्य लोक में आते हक्त और मित्र स्नेही या भक्तिवान का उद्देश्य पूर्ण करके चले जाते हक्त । यहाँ तीन की स ख्या के कारण तीन तीन कारण कहे है, चौथे स्थान में इन तीन सहित एक-एक अधिक कहा है अत: कुल चार-चार कारण आने-नहीं आने के यहाँ दर्शाये गये हक्त ।

निबंध-५९

साधु को तपस्या में धोवणपानी कल्पे

इस शास्त्र में यहाँ पर तथा कल्पसूत्र के आठवें अध्याय के मूलपाठ में स्पष्ट बताया गया है कि तपस्या में धोवणपानी लेना और पीना कल्पता है । इन दोनों शास्त्रों में कुल ९ प्रकार के धोवण पानी के नाम कहे गये हक्त । अत: कोई भी बहुमत से या पर परा के नाम से साधु को धोवण पानी लेना पापमय बताकर निषेध करे तो यह उनका मनमाना शास्त्र विपरीत बोलना-प्ररुपणा करना होता है । यहाँ बताये गये ९ प्रकार के धोवण पानी इस प्रकार है- (१) आटे के बर्तन धोया हुआ पानी (२) उबाले हुए केर, मेथीदाणा, भाजी आदि का धोया हुआ पानी (३) चावल धोया हुआ पानी (४) तिल आदि को धोया हुआ पानी (५) दाल वगेरे धोया हुआ पानी (६) जौ, गेहूँ वगेरे धोया हुआ पानी (७) छाछ के उपर का पानी अर्थात् छाछ का आछ (८) गर्म पदार्थों को पानी में रखकर ठ डा किया हो वैसा पानी(सोवीरोदक) (९) राख, लवि ग आदि से अचित्त बनाया हुआ पानी(शुद्धोदक) ।

प्रस्तुत में उपवास में पीने के नाम से तीन, बेले में पीने के नाम से तीन और तेले में पीने के नाम से तीन धोवणपानी कहे हैक्त तथापि इन धोवणपानी का परस्पर विचार करने से यह सहज स्पष्ट होता है कि, तीन की स ख्या के कारण यह विभाजन युक्त कथन है । वास्तव में सभी प्रकार के शुद्ध-निर्दोष पानी तपस्या में या बिना तपस्या में साधु-साध्वियाँ ग्रहण कर सकते हक्त ।

ये ९ नाम भी उदाहरणार्थ कहे गये है, वास्तव में आचारा ग सूत्र, दशवैकालिक सूत्र कथित विविध प्रकार के धोवण पानी शुद्ध निर्दोष गवेषणा युक्त एव विवेकपूर्वक साधु ग्रहण कर सकते हक्त ।

सूत्र सिद्धा तो के विपरीत मनमाने प्ररुपण करने का किसी को अधिकार नहीं होता है कि तु क्षेत्र-काल अनुसार जहाँ जब जैसी सुविधा स योग होवे तदनुसार साधु-साध्वी निर्दोष धोवण पानी या गर्म पानी शरीर की अनुकूलतानुसार ग्रहण कर सकते हक्त । दोष युक्त लेने पर शास्त्रानुसार उस-उस दोष का प्रायश्चित्त आता है । प्रायश्चित्त लेकर शुद्धि करने पर आराधना हो सकती है कि तु उस दोष का प्रायश्चित्त न करके उलटा वैसा लेने की प्रश सा या प्ररुपणा करे तो स यम विराधना का कारण बनता है ।

निबंध-६०

अल्पवृष्टि-महावृष्टि कैसे होती ?

(१) स्वाभाविक रूप से जिस क्षेत्र में या प्रदेश में उदकयोनिक जीवों की और पुद्गलों की उत्पत्ति, चयोपचय वगेरे अधिक मात्रा में होवे तो अधिक वृष्टि होती है । (२) भवनपति, व्य तर या वैमानिक देव अन्यत्र रहे उदक परिणत वर्षा के योग्य पुद्गलों को वहाँ से स हरित करके ले आवे (३) वर्षा वरसने योग्य उदक परिणत बादलों को हवा नहीं बिखेरे तो अधिक वृष्टि-महावृष्टि होती है ।

इसके विपरीत (१) स्वाभाविक रूप से जिस क्षेत्र या प्रदेश में उदकयोनिक जीव और पुद्गलों की उत्पत्ति, चय-उपचय आदि न होवे (२) देवता उदकपरिणत वर्षा के योग्य पुद्गलों को अन्य देश में स हरण कर देवे (३) वरसने योग्य बादल रूप में परिणत पुद्गलों को हवा विखेर देवे तो अल्पवृष्टि या अनावृष्टि होती है । तीन की स ख्या का कथन होने से वृष्टि स ब धी ३-३ कारण कहे हक्त ।

निबंध-६१

भूकंप क्यों और कैसे ?

जिस पृथ्वी पर चराचर जीव निवास करते हक्त उस आधारभूत

पृथ्वी में क पन होना **भूकम्प** कहलाता है । वह भूकम्प दो प्रकार का कहा गया है- (१) चराचर जगत्पृथ्वी के किसी एक या अनेक विभागों में क पन होना यह एक देश भूकम्प है । (२) समस्त ज्ञात दुनिया में अर्थात् स पूर्ण विश्व में एक साथ क पन होना, सर्व भूक प कहलाता है । तीन की स ख्या का प्रकरण होने से दोनों प्रकार के भूक प के तीन-तीन कारण यहाँ दर्शाये गये हक्त ।

देश भूक प के तीन कारण- (१) पुद्गल परिणमन स ब धी-हमारी यह पृथ्वी रत्नप्रभा पृथ्वी है । **अहे रयणप्पभा** का अर्थ है- रत्नप्रभा पृथ्वी में । शास्त्रों में **अहे** शब्द अनेक जगह **'में'** अर्थ रूप में प्रयुक्त होता है । यथा- **अहे आराम सि वा**=बगीचे में । अत: इस रत्नप्रभा नामक हमारी पृथ्वी में स्वाभाविक पुद्गल परिणमन में विशाल पुद्गल स्क ध के क्षीण हो जाने से, नष्ट हो जाने से वहाँ भूमि के अ दर पोलार हो जाने से उथल-पुथल होता है, उसका असर पृथ्वी के उपरी भाग में रहे ग्राम, नगर आदि में दिखाई देता है । **(२) तिर्यंच स ब धी-** असन्नि तिर्यंच प चेन्द्रिय में उरपरिसर्प जाति के महोरग नामक सर्प विशालकाय(अनेक योजन) के भी होते हक्त । वे जन्म धारण कर अ तर्मुहूर्त में ही मृत्यु को प्राप्त करते हक्त । तब उनके शरीर के पुद्गल तत्काल क्षीण हो जाते हक्त । जिससे भूमि में पोलार(स्पेश) बन जाता है । उपर रही पृथ्वी का वजन उस पोलार वाली भूमि पर आता है, जिससे उस क्षेत्र में उथल-पुथल होता है। इस तरह तिर्यंच उरपरिसर्प की क्षणिक जन्म मृत्यु और विनाश के निमित्त से हमें भूमिकम्प का अनुभव होता है । **(३) देवों से स ब धी**-नवनिकाय के देव असुरकुमार जाति के देव हक्त, वे परस्पर किसी निमित्त से पृथ्वी को रणभूमि बनाकर स ग्राम करे और स ग्राम में बार बार भूमि पर प्रहार करे तो एक देश से पृथ्वी का क पन होता है । इस प्रकार यह देव निमित्तक देश भूक प है ।

सर्व भूक प के तीन कारण- (१) जिस तरह पाताल कलशों में वायु क्षुभित होने से लवण समुद्र में पानी ऊँचे उछलता है, वैसे ही रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे रही घनवाय के क्षुभित होने पर उसका असर क्रमश: घनोदधि में और फिर पृथ्वी में आता है जिससे स पूर्ण रत्नप्रभा पृथ्वी क पित होती है । उससे स पूर्ण विश्व में एक साथ भूक प आता है । (२)

सामायिक आदि का व्यवहारनय प्रधान अर्थ :– (१) समभावों में लीन बनना, सावद्य योगों का त्याग करना **सामायिक** है । नये कर्मों को रोकना, पुराने का क्षय करना यह सामायिक का प्रयोजन है । (२) पापों का या आहारादि पदार्थों का त्याग करना, यह **प्रत्याख्यान** है । आश्रव रोकना और कर्म निर्जरा करना यह उसका प्रयोजन है। (३) पृथ्वीकाय की यतना करना स यम आदि १७ प्रकार का स यम तथा इन्द्रिय एव मन का निग्रह करना **सयम** है । (४) **स वर–** आश्रवों का निरोध करना (५) **विवेक–** विशेष बोध, हेय उपादेय तत्त्व का पृथक्करण करना । (६) **व्युत्सर्ग–** हेय का त्याग करना । विवेक और व्युत्सर्ग दोनों ही सम्यक् अवबोध प्राप्ति में उपयोगी है । यह इन छ पदों का व्यवहार नयापेक्षा अर्थ–प्रयोजन है । निश्चय और व्यवहार दोनों नय सापेक्ष मोक्षमार्ग की साधना आराधना सफलता को प्राप्त कराती है ।

निबंध–१०५

अप्रत्याख्यानी क्रिया किसको ?

अव्रती चार गुणस्थान तक के जीवों को अविरति की अपेक्षा

यह क्रिया लगती है । पाँचवें छट्ठे आदि गुणस्थान वालों को व्रत-प्रत्याख्यान रुचि हो जाने से यह क्रिया नहीं लगती है । इस क्रिया में वर्तमान के साधन स योग पुरुषार्थ का कोई प्रभाव नहीं होने से हाथी और कीडी या राजा और र क सभी को यह क्रिया अव्रत के कारण लगती रहती है ।

इस भव में कुछ भी किये बिना लगने वाली इस अव्रत क्रिया से बचने के लिये सीधा और सरल उपाय है कि सम्यक् तत्त्वों का अवबोध एव श्रद्धान के साथ साथ व्रतों के स्वरूप को भी समझकर श्रद्धान करके त्याग–प्रत्याख्यान रूप विरति भावों को शीघ्र स्वीकार करके यथाशक्य व्रत, त्याग–प्रत्याख्यानों का अवधारण करते रहना चाहिये ।

निबंध–१०६

आधाकर्मी आहार और उसका फल

स कल्पपूर्वक जान–बूझकर आधाकर्म आहार का सेवन करने से जैनश्रमण को ७ कर्मों की प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश इन चारों ब ध की वृद्धि होती है; हलके कर्म प्रगाढ बनते हक्त; अल्पस्थिति दीर्घ बनती है; अशाता वेदनीय का अधिकतम ब ध होता है यावत् अन त स सार में परिभ्रमण होता है । क्यों कि वह श्रमण अपने आचार धर्म का अतिक्रमण करता है, छ काय जीवों के घात की परवाह नहीं करता है एव दयाभाव की उपेक्षा करता है; जिनके शरीर का आहार करता है उन जीवों पर अनुक पा नहीं करता है; उनके जीवन की अपेक्षा नहीं रखता है ।

प्रासुक एव अेषणीय आहार भोगने वाला श्रमण सातों कर्म की प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशों की वृद्धि नहीं करके उन कर्मों को शिथिल करता है । क्यों कि शुद्ध आहार गवेषक भिक्षु अपने आचारधर्म का स रक्षण करता है, छ काय जीवों की अनुक पा से भावित बनता है । उन–उन जीवों के जीवन की अपेक्षा रखता है यावत् स सार से मुक्त हो जाता है ।

वास्तव में स यम में **अस्थिर चित्त** बन जाने वाली आत्मा में

ही व्रतनिष्ठा, आचारनिष्ठा **पलोट्टइ** = परिवर्तित हो जाती है, बदल जाती है; जिससे वे व्रतभ ग करते हक्त । स यम में **स्थिर चित्त** वाली आत्मा में आचार निष्ठा नहीं बदलती है जिससे वे व्रतभ ग नहीं करते है। इस तरह प डितपना और बालपना(बालत्व) अशाक्तत है । प डित और बाल बनने वाला जीव शाक्तत है ।

प्रश्न- आधाकर्मी आदि आहार के दोषों की उपेक्षा करने से क्या होता है ?

उत्तर- प्रस्तुत उद्देशक-६ में यह समझाया गया है कि गवेषणा के मुख्य दोष- आधाकर्म, क्रीत, स्थापना, रचित दोष एव क तारभक्त, दुर्भिक्षभक्त, बद्दलियाभक्त, ग्लानभक्त, शय्यातरपिंड, राजपिंड; इन दोषों के विषय में जो श्रमण (१) इसमें कुछ भी दोष नहीं है ऐसा मन में सोचे (२) ऐसा सोचकर खावे (३) ऐसा सोचकर अन्य को देवे (४) अनेक लोगों में ऐसी प्ररूपणा करे; इस प्रकार के प्रवर्तनों में यदि वह काल कर जाय तो विराधक होता है । कि तु अपनी भूल स्वीकार करके आलोचना प्रायश्चित्त कर लेवे तो वह आराधक होता है ।

निबंध-१०७

एकेन्द्रिय और श्वासोश्वास

पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु तथा वनस्पति ये पाँचों एकेन्द्रिय जीव भी त्रस जीवों की तरह निर तर श्वासोश्वास लेते हक्त, वे भी श्वासोश्वास वर्गणा के पुद्गलों को ६ दिशा से अथवा कोई ३,४,५ दिशा से ग्रहण करते हक्त। लोक मध्य में ६ दिशा से और लोका त में स्थित जीव ३,४,५ दिशा से श्वासोश्वास वर्गणा के पुद्गल ग्रहण करते हक्त ।

वायुकाय के जीव भी निर तर वायु का श्वासोश्वास लेते हक्त। सैद्धा तिक दृष्टि से जिन्हें श्वासोश्वास वर्गणा के पुद्गल कहा जाता है उसे ही स्थूल दृष्टि से अथवा व्यवहार से वायु कहा जाता है । श्वासोश्वास वर्गणा रूप वायु अचित्त होती है और वायुकाय जीव रूप वायु सचित्त सजीव होती है। सभी जीव अचित्तवायु रूप श्वासोश्वास

वर्गणा का(ओक्सीजन का, प्राणवायु का) श्वास लेते हक्त । एकेन्द्रिय जीव त्वचा से, स्पर्शेन्द्रिय से श्वास लेते हक्त ।

निबंध-१०८

केवली भगवान का आहार : आगम प्रमाण

सर्वज्ञ सर्वदर्शी भगवान को ऐसा कोई एका त आग्रह नहीं होता है । वे जैसी ज्ञान से स्पर्शना देखते जानते, वैसा ही आचरण कर लेते हक्त । स्क धक स न्यासी भगवान के पास आया उन दिनों भगवान नित्यभोजी थे, ऐसा यहाँ पर पाठ में कथन है । अत: अन्य समय में कभी नित्यभोजी नहीं भी होवे तब तपस्या करना भी स्पष्ट हो जाता है। भगवान महावीर स्वामी ने गौशालक के उपद्रव से अभिभूत होकर भी ६ महीने तक औषध ग्रहण नहीं किया और अ त में सि हा अणगार को भेजकर निर्दोष औषध म गाकर उसका सेवन भी किया था । इस प्रकार भगवतीसूत्र के इन दोनों वर्णन से भी यह स्पष्ट होता है कि भगवान आहार, उपवास, औषध आदि के स ब ध में अनाग्रही वृत्ति वाले थे ।इस सूत्र अनुसार दिगंबरों के द्वारा भगवान के लिये और केवलियों के लिये एकांत आहार का निषेध करना स्पष्ट ही गलत सिद्ध होता है परंतु वे इन आगमों को ही अस्वीकार करके बेधडक बन गये हैं, उन्हें कुछ कहे जाने का स्थान भी नहीं रहता है ।

निबंध-१०९

तुंगिया नगरी के श्रावकों के गुण

ऐहिक ऋद्धि- **(१)** वे श्रमणोपासक ऋद्धिस पन्न थे। **(२)** प्रभाव-शाली थे या सदा प्रसन्न रहने वाले थे । **(३)** उनके ल बे चौडे अनेक भवन थे । **(४)** आसन, शयन, वाहनों की उनके वहाँ प्रचुरता थी । **(५)** बहुत धन था और सोने-चा दी के भी भ डार भरे रहते थे । **(६)** लेन-देन एव व्याज का धंधा करने वाले थे। **(७)** खाने के बाद बहुत भोजन उनके घरों में बचता था, जो अनेक लोगों को एव काम करने वालों को दिया जाता था। **(८)** उनके घरों में काम करने वाले अनेक

दास-दासी, नौकर, कर्मचारी आदि रहते थे, गायें-भसें, भेड-बकरे आदि अनेक पशु भी रहते थे । (९) अनेक लोगों में ऋद्धि और प्रतिष्ठा की अपेक्षा वे अपराभूत थे अर्थात् अनेकों से वे अधिक ऋद्धि स पन्न थे ।

धार्मिक आत्मगुण- (१) **अभिगय जीवाजीवे**-जीव तथा अजीव तत्त्व के स्वरूप को समझकर आत्मसात् किया था । पुण्य-पाप तत्त्व के अर्थ-परमार्थ को समझकर हृदय गम किया था । आश्रव, स वर, निर्जरा, क्रिया, अधिकरण, ब ध और मोक्ष के स्वरूप, साधन, आचरण को तथा ब धन और उससे मुक्ति के स्वरूप को समझे हुए थे । इस प्रकार वे ९ तत्त्व २५ क्रियाओं के तलस्पर्शी ज्ञाता थे । हेय, ज्ञेय, उपादेय तत्त्वों के ज्ञानी, तत्त्वज्ञ, तत्त्वाभ्यासी, तत्त्वानुभवी, तत्त्वस वेदक और तत्त्वदृष्टा विद्वान थे । (२) अपने सुख-दु:ख को समभावपूर्वक सहन करते हुए कोई भी देवी-देवता से सहाय की आका क्षा-इच्छा वे नहीं करते थे । अपनी धर्म श्रद्धा में वे इतने दृढ मनोबली अनुभवी थे कि कोई भी देव-दानव उन्हें धर्मश्रद्धा से विचलित नहीं कर सकता था । (३) निर्ग्रंथ प्रवचन में अर्थात् जिनेश्वर भाषित किसी भी तत्त्व या आचार में स देह रहित स देहातीत थे, धर्म एव धर्मफल में उन्हें अ श मात्र भी श का नहीं थी। जिनधर्म के अतिरिक्त अन्य धर्मों में या उनके प्रवक्ताओं में उनकी कोई आका क्षा या आकर्षण भी नहीं था । अत: वे अपने प्राप्त जिनधर्म में निष्ठा, रुचि से पूर्ण स तुष्ठ थे । (४) उन्होंने जिनधर्म के सूक्ष्म या गहन अथवा सामान्य से लगने वाले, यों सभी तत्त्वों का चि तन मनन कर, योग्य प्रश्न चर्चा से उनके परमार्थ को, रहस्य ज्ञान को प्राप्त किया था एव उसे आत्मा में विनिश्चित दृढीभूत किया था । (५) धर्मप्रेम स ब धी अनुराग- आस्था-निष्ठा उनकी नश-नश में रग-रग में भरी हुई थी, उनके हाड-हाड में धर्मर ग उतर चुका था । (६) **'अयमाउसो ! णिग्ग थे पावयणे अट्ठे...।'** उनके धर्म र ग की उत्कृष्टता इस प्रकार प्रमाणित थी कि वे जब जहाँ भी कुछ श्रावक इकट्ठे होते, धर्मचर्चा होती तो उनके अ तर के सहज शब्द निकलते थे कि इस जीवन में कुछ भी सारभूत तत्त्व है तो वह निर्ग्रंथ प्रवचन ही एक मात्र अर्थभूत है, परमार्थ स्वरूप है, प्रयोजन भूत है । शेष सभी स सार प्रप च असारभूत है, अनर्थभूत है, दु:खदायक या दु:खमूलक

है । (७) **उसिहफलिहा-अव गुयदुवारा-** वे उदार थे, दानी थे, उनके घर के द्वार सदा याचकों के लिये खुल्ले रहते थे अर्थात् कोई भी याचक वहाँ से कुछ न कुछ पा लेता था । सभी के लिये उनके भाव उदार थे, दिल दरियाव था । उन्हें किसी से किसी प्रकार का भय नहीं था, खुले द्वार वाले थे । (८) **चियत्त अ तेउर-घर-पवेसा-** किसी भी घर या राजा के रणवास में उनका प्रवेश चियत्त= प्रतीतकारी था अर्थात् उनका शील-समाचरण, जीवन-व्यवहार, समाज में लोगों में एव राज्य में पूर्ण विश्वस्त था। उनका चारित्र-स्वदार स तोषव्रत निर्मल था ख्याति प्राप्त था । (९) वे अनेक प्रकार के त्याग-प्रत्याख्यान, अणुव्रत-गुणव्रत, सामायिक-पौषध आदि धारण करने में उत्साही आलस्य रहित थे । (१०) श्रमण निर्ग्रंथ को यथाप्रस ग उनकी अनुकूलता अनुसार आहारादि १४ प्रकार के निर्दोष तथा स यम सहायक पदार्थ का दान देते हुए स्वय भी यथाशक्ति तप स यम का आचरण करने वाले थे । आत्मा को उसी में भावित करने वाले थे ।

ये गुण प्रत्येक श्रावक में होने चाहिये, आगम में श्रेष्ठ आदर्श श्रमणोपासक के वर्णन में प्राय: ये विशेषण-गुण सर्वत्र विस्तृत या स क्षिप्त किसी न किसी रूप में प्राप्त होते हक्त । भौतिक जीवन की विशालता और धार्मिक जीवन की महानता दोनों के सुमेल युक्त श्रावक का जीवन श्रेष्ठ एव आदर्श गिना जाता है ।

निबंध-११०

ईशानेन्द्र का पूर्वभव

दूसरे देवलोक का इन्द्र ईशानेन्द्र पूर्व भव में तामली तापस था। उसने तापसी दीक्षा ली थी । उसका कथानक इस प्रकार है-

ताम्रलिप्ति नगरी में मौर्यव श में उत्पन्न मौर्यपुत्र **तामली** नामक गाथापति शेठ रहता था । वह धनाढ्य एव ऋद्धि स पन्न था और अनेक मनुष्यों द्वारा सन्मानित था । एक बार रात्रि में उसे विचार हुआ कि पुण्य से प्राप्त इस सामग्री का एका त भोग करके एक मात्र क्षय करना ही उपयुक्त नहीं है । मुझे पुण्य रहते एव समय रहते कुछ आत्मसाधना करनी चाहिये । तदनुसार उसने **प्राणामा प्रव्रज्या**

ग्रहण करने का निर्णय किया । लौकिक व्यवहार के पालने हेतु अनेक स्वजन-परिजनों को निम त्रित करके, भोजनोपरा त सब को स बोधित सूचित कर, सत्कारित सन्मानित करके, पुत्रों को कुटु ब का भार सोंपकर, फिर सभी की सम्मति, स्वीकृति लेकर, प्राणामा प्रव्रज्या स्वीकार की । दीक्षा ली जब से बेले-बेले पारणा करने का जीवन भर का अभिग्रह- नियम किया । पारणे में तामली तापस काष्ट पात्र में शुद्ध भोजन भिक्षाचरी से प्राप्त कर उसे जल में २१ बार धोकर नीरस बनाकर आहार करते थे । इस प्रकार की चर्या का पालन तामली तापसने ६०,००० साठ हजार वर्ष पर्यंत निर तर किया फिर दो महीने का पादपोपगमन स थारा उसी ताम्रलिप्ति नगरी के बाहर किया ।

प्राणामा प्रव्रज्या- इस प्रव्रज्या वाला देव मानव दानव पशुपक्षी जिस किसी को उपर, नीचे या तिरछे जहाँ देखे वहीं उनको अत्य त विनयपूर्वक प्रणाम करता है । जो भी सामने मिले उसे भी प्रणाम करता है ।

साठ हजार वर्ष तक इस प्रकार का विनय, बेले-बेले तप तथा पारणे में २१ बार जल से धोया हुआ आहार अर्थात् उच्चकोटि के आय बिल आहार से उसने अपने औदारिक शरीर को तथा कार्मण शरीर को अत्य त कृश कर दिया, हाडपि जर जैसा शरीर बन जाने पर भी समय रहते अनशन की आराधना प्रार भ कर दी ।

उस समय असुरकुमार जाति के भवनपति देवों की बलिच चा राजधानी, इन्द्र (बलीन्द्र)से खाली थी अर्थात् वहाँ के इन्द्र का च्यवन हो चुका था, नया इन्द्र जन्मा नहीं था । वहाँ के अनेक देव-देवियों ने उपयोग लगाकर तामली तापस को स थारे में देखा और अनेक देव-देवियों ने तामली तापस के पास आकर विनयपूर्वक निवेदन किया कि आप नियाणा करके हमारी राजधानी में इन्द्र रूप में उत्पन्न हो जाओ । अनेक प्रयत्न करने पर भी वह तापस उनके किसी प्रलोभन में नहीं आया और निष्काम नियाणा रहित साधना स थारा पूर्ण करके दूसरे देवलोक में ईशानेन्द्र रूप में उत्पन्न हुआ ।

बलिच चा राजधानी के देव-देवियों ने जब तामली तापस को

कालधर्म प्राप्त हुआ एव ईशानेन्द्र रूपमें उत्पन्न हुआ जाना-देखा तो अत्य त कुपित होकर मनुष्य लोक में आकर उसके शरीर की कदर्थना करी ।मूँज की रस्सी बा ये पाँव में बा धकर घसीटते हुए, तिरस्कारात्मक घोषणा करते हुए नगरी में घूमाया और अ त में गाँव के बाहर एक तरफ फेंक कर चले गये । इस हकीगत को अपने देवों द्वारा जानकर ईशानेन्द्र ने क्रोधित होकर अपने से नीचे एकदम सीध में रही बलिच चा राजधानी को अपनी तेजोलेश्या युक्त एकाग्र दृष्टि से देखा । जिससे वह बलिच चा राजधानी ईशानेन्द्र के दिव्य प्रभाव से अ गारा समान लाल होकर तपतपायमान होने लगी। वहाँ के देव-देवी हेरान परेशान होकर घबराने लगे, इधर उधर भागने लगे । आखिर असह्य स्थिति होने पर एव ईशानेन्द्र के क्रोध प्रभाव को समझकर नम्र बनकर अनुनय विनय करते हुए ईशानेन्द्र से क्षमायाचना करी एव आगे से ऐसा कभी नहीं करने का स कल्प लिया । तब ईशानेन्द्र ने अपने दिव्य प्रभाव से तेजोलेश्या को स हरित कर लिया ।

इसी प्रस ग से ईशानेन्द्र ने तिरछा लोक में अपनी साधना नगरी ताम्रलिप्ती को एव राजगृही नगरी में विराजित श्रमण भगवान महावीर स्वामी को देखा । ईशानेन्द्र प्रभु के अतिशय से प्रभावित होकर अपनी ऋद्धि सहित भगवान के दर्शन करने, पर्युपासना करने आया । भगवान के समवसरण में **सूर्याभदेव** के समान ३२ प्रकार के नाटक दिखा कर चला गया । तब गौतम स्वामी के प्रश्न करने पर उत्तर में प्रभुने इस उपरोक्त घटना का दिगदर्शन किया ।

प्रश्न- ईशानेन्द्र पूर्वभव में तामली तापस था तो वह भगवान महावीर के दर्शन करने राजगृही में कैसे आया ?

उत्तर- तापस के भव में बेले-बेले पारणा और पारणे में २१ बार आहार को धोकर खाना तथा दो महीने का पादपोपमगमन स थारा, उसमें भी बलिच चा राजधानी के देव-देवीयों के प्रलोभन में नहीं आना एव नियाणा नहीं करना; ऐसी विकट तपमय आदर्श साधना के प्रभाव से वह अत्य त हलुकर्मी बन गया था । फिर देवगति स्वभाव से विशिष्ट अवधिज्ञान के कारण अपनी नगरी को तथा अपने शरीर को देखने में उपयोग लगाने पर महावीर स्वामी को भी देखा । उनके अतिशयों से

तथा साधु स पदा, आचार स पदा आदि से प्रभावित मानस से वह शुभ चि तन, शुभ अध्यवसायों से देवगति में भी सम्यग्दृष्टि बन सकता है और सम्यग्दृष्टि हो जाने पर भगवान के दर्शन करने जाने का भाव सहज हो सकता है ।

पर परा में ऐसा भी माना जाता है कि पादपोपगमन स थारे के समय पिछले दिनों कभी उसने उधर से जाते-आते ईर्या समिति युक्त एकाग्र दृष्टि से चलते जैन श्रमणों को देखा था, तब अनुप्रेक्षा करते हुए उसे जैन आचार पर सम्यग्श्रद्धा उत्पन्न होने से (त्यागी तपस्वी हलुकर्मी तो था ही) सहज भावों से समकित की प्राप्ति हो गई थी और उसी परिणामों में स थारे को पूर्ण कर सम्यग्दृष्टि सहित ईशानेन्द्र बना था ।

सार यह है कि वह भगवान के पास भक्ति से दर्शन करने गया था और भगवान को सर्वज्ञ-सर्वदर्शी स्वीकार करते हुए गौतमादि को अपनी ऋद्धि ३२ नाटक द्वारा बताई और भक्ति पूर्वक व दन करके चला गया । इस वर्णन से भी उस इन्द्र का उस समय सम्यग्दृष्टि होना स्पष्ट होता है । ग्र थों में यह भी प्रसिद्ध है कि वर्तमान के ६४ ही इन्द्र सम्यग्दृष्टि हक्त तथा एक मनुष्य भव करके मोक्ष जाने वाले हक्त । अत: दानामा प्रव्रज्या की पालना करके इन्द्र बना हुआ वह चमरेन्द्र भी सम्यग्दृष्टि है तथा एक भव करके मोक्ष जाने वाला है । प्रत्येक जीव ने ६४ इन्द्र रूप में अन त भव किये हक्त इस कथन अनुसार कोई भी इन्द्र कभी भी मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि दोनों प्रकार के हो सकते हक्त । केवल वर्तमान के ६४ इन्द्रों को सम्यग्दृष्टि एव एक भवावशेषी मोक्षगामी मानने की पर परा है ।

निबंध-१११

चमरेन्द्र का जन्म और अहंभाव

भरत क्षेत्र के विंद्याचल पर्वत की तलेटी में 'बेभेल' नामक सन्निवेश था । वहाँ पूरण नामक गाथापति रहता था । उसने भी 'तामली' के समान समय पर साधना कर लेने का निर्णय करके **दानामा** प्रव्रज्या अ गीकार करी । चौमुखी काष्ट पात्र में भिक्षा ग्रहण करता

था । पात्र के पहले खाने में आया आहार पथिकों को, दूसरे खाने का आहार कौवे-कुत्ते आदि को, तीसरे खाने में प्राप्त आहार जलचर मच्छ-कच्छ को देकर चौथे खाने में प्राप्त आहार से बेले-बेले निर तर पारणा करता था । १२ वर्ष तक इस प्रकार तपस्या करके शरीर के अत्यधिक कृश हो जाने पर उसी नगर के बाहर पादपोपगमन स थारा धारण किया । एक महीने के स थारे से काल करके चमरच चा राजधानी में चमरेंद्र रूप में उत्पन्न हुआ ।

पर्याप्त होते ही स्वाभाविक अवधिज्ञान के उपयोग से उपर सीध में शक्रेन्द्र को देखा, अज्ञानवश कोपायमान हुआ और सामानिक देवों को स बोधन कर पूछा- यह मेरे उपर कौन बैठा है ? सामानिक देवों ने उसे जय-विजय के शब्दों से वधाया और कहा कि यह महान ऋद्धिस पन्न प्रथम देवलोक का इन्द्र है । ऐसा सुनकर वह क्रोध मे अत्यधिक लाल-पीला हो गया । स्वयं ही शक्रेन्द्र की आशातना करने जाने का निर्णय किया । अवधिज्ञान से प्रभू महावीर को ध्यानस्थ देखा और सोचा कि भगवान की शरण लेकर जाना ही उचित होगा । अपनी शय्या से उठकर खडा हुआ देवदूष्य वस्त्र का परिधान करके शस्त्रागार से **परिघरत्न** नामक शस्त्र लेकर अकेला ही चमरच चा राजधानी से निकला, निकलकर तिरछालोक में अपने उत्पात पर्वत पर आकर वैक्रिय रूप बनाकर सु सुमार नगर के बाहर उद्यान में जहाँ पर भगवान अट्ठम भक्त युक्त १२वीं भिक्षुपडिमा धारण किये हुए ध्यानस्थ खडे थे वहाँ पर आया और भगवान को व दन नमस्कार करके इस प्रकार बोला कि हे भगवन्! मक्त आपकी निश्रा लेकर शक्रेन्द्र की आशातना करने जा रहा हूँ । ऐसा बोलकर वहाँ से उत्तरपूर्व में कुछ दूर जाकर आकाश में एक लाख योजन का विकराल शरीर बनाया और ज्योतिषी विमानों को इधर उधर हटाता हुआ, आत क मचाता हुआ प्रथम देवलोक की सुधर्मा सभा तक पहुँच गया । देवलोक की इन्द्र कील को अपने **परिघरत्न** शस्त्र से प्रताडित करके इस प्रकार बोला- कहाँ है शक्रेन्द्र ? कहाँ है उसके सामानिक देव ? कहाँ है उसके आत्मरक्षक देव और कहाँ है उसकी अप्सराएँ ? आज में शक्रेन्द्र का हनन करु गा और सब को मेरे वश में अधीनस्थ करु गा, ऐसा बोलते हुए वह शक्रेन्द्र को अत्य त अनिष्ट,

अका त, अप्रिय, अमनोज्ञ, अशुभ शब्दों से तिरस्कृत करने लगा । तब शक्रेन्द्र ने कोपित होकर चमरेन्द्र को स बोधन करके अपमान सूचक शब्द प्रयोग करके सि हासन पर बैठे-बैठे ही अपने **वज्र** शस्त्र को ग्रहण कर चमरेन्द्र को मारने के लिये फेंक दिया । उस वज्र से हजारों चिनगारियाँ ज्वालाएँ निकल रही थी । जिससे वह वज्र आँखों को भी चकाचौंध कर दे वैसा महाभय कर, त्रासजनक दिखता था ।

उसे देखते ही चमरेन्द्र का घम ड-गुस्सा नष्ट हो गया वह तो डरकर उलटा शिर करके भागा अर्थात् नीचे शिर उपर पाँव करके तत्काल भगवान की शरण में पहुँच गया और **'भगवान आप का शरणा'** ऐसा बोल कर भगवान के दोनों पाँवों के बीच में छोटा रूप बनाकर छुप गया । नीचे आने में उसका स्वस्थान होने से उसकी तीव्र गति होना स्वाभाविक है । शक्रेन्द्र और उसका शस्त्र उसे पहुँच नहीं सका । भगवान महावीर की शरण लेकर आया ऐसा मालुम पडने पर शक्रेन्द्र भी शस्त्र को पकडने के लिये तत्काल चला और भगवान के मस्तक से चार अ गुल दूर रहे वज्र को शक्रेन्द्र ने पकड लिया । तब शक्रेन्द्र की मुट्ठी की हवा से भगवान के मस्तक के बाल मात्र प्रक पित हुए ।

शक्रेन्द्र ने विनयपूर्वक भगवान से हकीगत निवेदन कर क्षमा मा गी फिर कुछ दूर जाकर भूमि को तीनबार बाये पाँव से आस्फालन करके, चमरेन्द्र को स बोधन करके कहा कि 'भगवान के प्रभाव से तुम्हें छोडता हूँ, अब तुम्हें मुझ से कोई भय नहीं है' ऐसा कहकर शक्रेन्द्र चला गया और चमरेन्द्र भी शक्रेन्द्र से महान अपमानित बना हुआ चुपचाप चला गया । फिर अपनी रिद्धि सहित पुनः उसी स्थान पर आया और भगवान को भक्तिपूर्वक व दन नमस्कार किया । अपनी कृतज्ञता प्रगट करी, क्षमा याचना करी तथा ३२ प्रकार के नाटक दिखाकर चला गया ।

यह हकीगत-घटना भगवान ने गौतम स्वामी के पूछने पर निरुपित की है और पूछने का कारण भी यही था कि उस समय भी राजगृही नगरी में चमरेंद्र भगवान के दर्शन करने के लिये आया था एव गौतमादि अणगारों को अपनी ऋद्धि तथा ३२ प्रकार के नाटक

दिखाकर चला गया था । इसी कारण से उसके जाने के बाद गौतम स्वामी ने उसका भूतकाल जानने की जिज्ञासा से प्रश्न किया था ।

उपर जाने में शक्रेन्द्र की गति तेज होती है चमरेन्द्र की कम। नीचे जाने में चमरेन्द्र की गति तेज और शक्रेन्द्र की कम होती है। वज्र की गति दोनों इन्द्रों से कम होती है नीचे-उपर जाने में ।

प्रश्न- चमरेन्द्र की देवलोक में जाने की घटना में अरिह त और भावितात्मा अणगार के शरण की बात कही है तो क्या म दिर मूर्ति की शरण भी ली जा सकती है ?

उत्तर- (१) कोई प्रति में **अरिह त चेइयाइ** पाठ भी है कि तु प्राचीन प्रतियों में वैसा पाठ नहीं है । (२) अरिह त और अणगार के लिये एक वचन का प्रयोग है तो अरिह त चैत्य के पाठ में बहुवचन का प्रयोग भी स देहोत्पत्ति का कारण है । (३) शरण अपने से बलवान की ली जाती है, म दिर मूर्ति तो अपना भी रक्षण नहीं कर सकती, वहाँ चोर चोरी कर जाते हक्त कभी सरकार भी जप्त कर लेती है ।(४) कहीं कोई मूर्ति देवाधिष्ठित हो तो भी वे देव भूत या यक्ष, चमरेन्द्र के सामने तुच्छ होते हक्त और अरिह त सिद्ध तो उस मूर्ति में कभी वापिस आते ही नहीं है । अतः चमरेन्द्र को शक्रेन्द्र की आशातना करने में शरण तो शक्रेन्द्र से भी बलवान की चाहिये, वह मूर्ति में कभी भी स भव नहीं है । अतः अरिह त और भावितात्मा अणगार दो की शरण का पाठ ही उपयुक्त है । (५) शक्रेन्द्र ने वज्र फेंकने के बाद चि तन किया कि किसी की शरण बिना चमरेन्द्र नहीं आवे तो इस चि तन के पाठ में अरिह त और भावितात्मा अणगार दो ही शब्द सभी प्रतियों में है । तो चमरेन्द्र के शरण लेने के चि तन में मूर्ति का पाठ होना और शक्रेन्द्र के शरण के चि तन में बिना मूर्तिका पाठ होना भी स देह को प्रकट करता है । एक ही प्रकरण में दो प्रकार का पाठ उपयुक्त नहीं कहा जा सकता । **अरिह त चैत्य** शब्द जो भी प्रति में आये हक्त वे उचित नहीं है ऐसा मानना ही समाधानकारक है । अतः दो की शरण का पाठ ही स देह रहित और योग्य होने से स्वीकार्य है ।

निबंध-११२

अचित पदार्थ किसका मुक्केलक

पृथ्वी, पानी, नमक, वनस्पति के फूल-पत्ते आदि सचित्त पदार्थ अग्नि पर चढे बिना सूर्य के ताप से या अन्य तीक्ष्ण क्षार-अम्ल पदार्थों से अचित्त हो जाय तो वे अपने मूलभूत-पृथ्वी, पानी के या वनस्पति के शरीर (मुक्तशरीर) कहलाते हक्त । जब कोई भी नमक, पानी या वनस्पति के पदार्थ आदि अग्नि से तप्त होकर अचित्त बनते हक्त तो वे अग्नि के मुक्त शरीर कहलाते हक्त । पूर्वभाव की अपेक्षा से उन्हें पृथ्वी, पानी या वनस्पति के शरीर कह सकते हक्त । पर तु अन तर तो वे पदार्थ अग्नि परिणामित हो जाने से अग्नि के परित्यक्त शरीर कहे जाते हक्त । इसका कारण यह है कि कोई भी पदार्थ अग्नि से परितप्त होता है अमुक मात्रा में गर्म होने पर वह पूरा अग्नि जीवों से ग्रहित हो जाता है वह पूरा पदार्थ अग्नि जीव पि ड बन जाता है और अग्नि पर से हटा लेने के बाद तुर त अचित्त हो जाता है । जैसे कि दीपक टयूबलाइट बल्ब बुझते ही पूर्ण अचित्त हो जाते हक्त । अग्नि जीवों का ऐसा ही स्वभाव होता है कि अग्नि जलते ही जीव आकर जन्म जाते हक्त और अग्नि बुझते ही सभी अग्नि जीव मर जाते हक्त । ठीक वैसे ही अग्नि पर तप्त होने वाले पदार्थ अमुक डिग्री के ताप में अग्निकाय जीवमय बन जाते है और अग्नि से अलग कर दिये जाने पर तत्काल अचित्त हो जाते हक्त । यथा- गर्म दूध अग्नि से उतारते ही अन तर अग्निजीव शरीर है और पर परा से वह दूध प चेन्द्रिय त्यक्त शरीर है ।

निबंध-११३

हरिणेगमेषी देव संबंधी सही जानकारी

इसके लिये यहाँ उद्देशक-४ में पाठ इस प्रकार है- **हरी ण हरिणेगमेसी सक्कदूए इत्थि गब्भ स हरमाणे..।** 'हरी' यह व्यक्तिगत विशेष नाम है, **हरिणैगमेषी** यह स स्कृत छाया बनती है । इसमें तीन शब्द का पदच्छेद होता है- हरि = इन्द्र; नैगम = निर्देश वचन, आदेश

वचन; ऐषी = अपेक्षा रखने वाला, स्वीकारने वाला । प्रथम देवलोक के इन्द्र शक्रेन्द्र के आदेश को स्वीकारने वाला आज्ञाकारी देव । सक्कदूए- दूत कर्म करने वाला, स देशवाहक। अपना विश्वस्त व्यक्ति दूतकर्म योग्य होता है- (१) यह शक्रेन्द्र की सात सेना में से पैदल सेना का अधिपति-मुखिया और सेनापति देव भी है, ऐसा अन्यत्र वर्णन में आता है (२) यहाँ के शब्द प्रयोग अनुसार यह शक्रेन्द्र का विश्वस्त सेवक-दूत भी है (३) गुणस पन्न व्युत्पत्ति अर्थ वाला प्रसिद्ध नाम है हरिणैगमेषी देव । (४) व्यक्तिगत नामकरण से यह 'हरी' नाम वाला हरिणैगमेषी देव है ।

प्रस्तुत में इस देव की अपनी विशेष कार्य कुशलता दर्शाई गई है । पैदल सैना का अधिपति और शक्रेन्द्र का दूत होते हुए भी यह देव गर्भ स हरण की कला में सिद्धहस्त (स्पेश्यालिस्ट) होता है । किसी भी गर्भ को अन्यत्र लेजाने के लिये वह योनिद्वार से ही गर्भ को निकालता है तथापि वह नख से या शरीर के रोम से भी गर्भ को निकाल सकता है और निकालते हुए भी गर्भ को कि चित् भी कष्ट नहीं होने देता है इतनी सूक्ष्मता से गर्भ स हरण का कार्य करने में यह देव दक्ष होता है ।

इसीलिये गर्भ स हरण के प्रस ग वाले आगम कथानकों में इसी देव का नामोल्लेख है । अ तगड में कृष्ण वासुदेव के पौषध समय में यही देव उपस्थित हुआ था, उसके सूचन अनुसार गजसुकुमाल का जन्म और दीक्षा हुई थी । कृष्ण के छ बडे भाइयों का भी स हरण स्थाना तरण इसी देव ने किया था । भगवान महावीर को देवान दा के गर्भ से हटाकर त्रिशला माता के गर्भ में शक्रेन्द्र की आज्ञा से इसी देव ने रखा था ।

निबंध-११४

देवों को मन:पर्यवज्ञान जैसी क्षमता

मन:पर्यव ज्ञान मुनियों को, श्रमणों को ही हो सकता है । देवों को विशिष्ट अवधिज्ञान हो तो वे मन में मनन किये गये रूपी द्रव्यों को जान देख सकते हक्त । रूपी द्रव्यों को जानना अवधिज्ञान का

विषय है । मन-वचन भी रूपी ही है अरूपी नहीं है । इस विषय को दर्शाने वाली एक घटना यहाँ चौथे उद्देशक में वर्णित है । वह इस प्रकार है- एक बार दो देव भगवान की सेवा में आये मन से ही व दन नमस्कार किया, मन से ही प्रश्न पूछा, भगवान ने भी मन से उत्तर दिया । देव स तुष्ट हुए । व दन नमस्कार कर यथास्थान बैठकर पर्युपासना करने लगे । गौतम स्वामी को जिज्ञासा हुई कि ये देव किस देवलोक से आये ? गौतम स्वामी उठकर भगवान के समीप गये, व दन करके पूछना चाहते ही थे कि स्वत: ही भगवान ने स्पष्टीकरण कर दिया कि तुम्हें यह जिज्ञासा हुई है । ये देव ही तुम्हारी जिज्ञासा का समाधान कर देंगे । गौतम स्वामी ने पुन: भगवान को व दन नमस्कार किया और देवों के निकट जाने के लिये तत्पर हुए । देवों ने अपनी तरफ आते हुए गौतम स्वामी को देखकर स्वय प्रसन्न वदन गौतम स्वामी के निकट गये व दन नमस्कार किया और कहा- हम आठवें सहस्रार देवलोक के देव हक्त । हमने मन से ही व दन नमस्कार करके प्रश्न पूछा समाधान भी मन से ही पाया और पर्युपासना कर रहे हक्त । हमारा प्रश्न था भगवान के शासन में भगवान के जीवन काल में कितने जीव मोक्ष जायेंगे ? उत्तर मिला कि ७०० श्रमण इस भव में मोक्ष जायेंगे । [***इस पाठ के अनुसार गौतम स्वामी के १५०० केवली को लेकर भगवान के समवशरण में आने की बात बराबर नहीं है । क्यों कि उस समय भगवान का शासन ही चल रहा था ।***]

यहाँ देवो स ब धी वर्णन करते हुए यह भी समझाया गया है कि भले यह स्पष्ट है कि देव अस यत होते हक्त, उनमें ४ गुणस्थान ही होते हक्त । फिर भी भगवान ने गौतम स्वामी के पूछने पर यही समझाया कि देवों को अर्थात् उनके समक्ष उन्हें असय त नहीं कहना क्यों कि वह निष्ठुर वचन है । पुण्यवान पुरुषों को उनके समक्ष निष्ठुर वचन कहना अविवेक एव असभ्यता का द्योतक है । उसी सत्य भाव को अन्य शब्दों में, भाषा में कहा जा सकता है अर्थात देव को **नोस यत** कहा जा सकता है । स यत और स यतास यत ये दोनों भी देवता के लिये नहीं कहे जा सकते हक्त । क्यों कि ऐसा कहने में असत्य वचन का दोष लगता है ।

देवों की भाषा अर्धमागधी है । जिस तरह स स्कृत, प्राकृत, अपभ्र श आदि भाषा कोई देश विशेष से स ब धित नहीं है किसी भी क्षेत्र से अप्रतिबद्ध स्वत त्र भाषा है वैसे ही अर्धमागधी देवों की भाषा **मनुष्य लोक के किसी क्षेत्र** से प्रतिबद्ध न होकर स्वत त्र अनादि शाश्वत भाषा है ।

व्युत्पत्ति अर्थ करते हुए इसे मागध देश की मुख्यता वाली मिश्रित भाषा भी माना जाता है । तथापि सभी तीर्थंकरों एव देवों की अनादि भाषा होने की दृष्टि से किसी देश विशेष से स ब धित नहीं करना ही उचित होता है ।

केवली का मन एव वचन प्रकृष्ट अर्थात् स्पष्ट होता है जिसे वैमानिक सम्यग्दृष्टि देव पर्याप्त एव उपयोगव त होवे तो अवधिज्ञान से जान सकते हैं । मिथ्यादृष्टि आदि नहीं जान सकते हैं ।

अनुत्तरविमान के देवों को भी अवधिज्ञान विशिष्ट होता है। जिससे उन्हें मनोद्रव्यवर्गणा लब्ध होती है । इसलिये वे देव वहाँ पर रहे हुए ही मनुष्य लोक में विचरने वाले केवलज्ञानी से वार्तालाप प्रश्नोत्तर कर सकते हक्त, समझ सकते हक्त । अनुत्तर विमान के देवों के **मोहकर्म** अत्य त उपशा त होता है । पूर्व भव की सम्यग् आराधना का यह प्रभाव है ।

निबंध-११५

आचार्य उपाध्याय के कर्तव्य पालन का फल

यहाँ उद्देशक-६ के अ त में बताया गया है कि जो आचार्य-उपाध्याय रुचिपूर्वक, उत्साहपूर्वक, खेद बिना अपनी जिम्मेदारी का यथार्थ पालन करते हक्त; अपना स यम उन्नत करते हुए सभी निश्रागत श्रमण-श्रमणियों का स यम भी उन्नत होने का ध्यान रखते हक्त; इस प्रकार के कर्तव्य पालन एव अपना स यम पालन करते हुए वे आचार्य-उपाध्याय सर्व कर्म क्षय करे तो उसी भव में मुक्त होवे, इतना लाभ प्राप्त करते हक्त; कर्म अवशेष रहे तो दूसरे या तीसरे मनुष्य भव से अवश्य मुक्त हो जाते हक्त । बीच के दो भव देव के गिनने से उत्कृष्ट पाँच भव करके अवश्य मुक्त होते हक्त । यदि आचार्य आदि कोई भी

किसी पर झूठा आक्षेप लगाते हक्कों उन्हें भी उसी प्रकार के आक्षेप लगने का फल शीघ्र मिलता है ।

निबंध-११६

श्रावक अनारंभी नहीं-सूक्ष्म अनुमोदन चालू

आर भ- कोई द डक में अव्रत की अपेक्षा जीव आर भ युक्त है और कोई साक्षात् छ काय जीवों की हिंसा करने से आर भ युक्त है । कुल मिलाकर २४ ही द डक के जीव आर भी है, अनार भी नहीं । मात्र मनुष्य में आर भी भी है और अनार भी भी है । अप्रमत्त स यत आदि उपर के गुणस्थानवर्ती मनुष्य अनार भी होते हक्क । छट्ठे गुणस्थान के मनुष्य आर भी-अनार भी दोनों होते हक्क । एक से पाँच गुणस्थान के सभी जीव आर भी है, अनार भी नहीं । अपेक्षा से पाँचवें गुणस्थान वाले क्वचित् आजीवन अनशन आदि में अनार भी हो सकते हक्क, परन्तु उसे यहाँ गौण किया गया है तथा श्रावक के कुछ करण-योग पौषध में भी खुले होते हक्क एव स थारे में तीन करण तीन योग के प्रत्याख्यान होते हुए भी गृहस्थ सेवा परिचर्या करते हक्क अत: गृहस्थ सहयोग खुला होने से पूर्णता की अपेक्षा अनारंभी नहीं कहा गया है । सूक्ष्म-अनुमोदन रूप आर भ चालु रहने से वे अनार भी नहीं होते हक्क ।

परिग्रह- नारकी और एकेन्द्रिय में- शरीर, कर्म एव सचित्त, अचित्त, मिश्र द्रव्यों का परिग्रह होता है । देवताओं में- शरीर, कर्म, भवन, विमान, देव-देवी, मनुष्य-मनुष्याणी, तिर्यंच-तिर्यंचाणी, आसन, शयन, भ डोपगरण एव अन्य सचित्त अचित्त मिश्र द्रव्यों का परिग्रह होता है ।

विकलेन्द्रियों में- शरीर, कर्म और सचित्त अचित्त मिश्र द्रव्य तथा बाह्य भ डोपकरण, स्थान आदि का परिग्रह हो सकता है ।

तिर्यंच प चेंद्रियों में- शरीर, कर्म, सचित्त अचित्त मिश्र द्रव्य, जलीय स्थान-तालाब, नदी आदि । स्थलीय स्थान- पर्वत, ग्रामादि, वन उपवन आदि, घर मकान, दुकान आदि, खड्डे खाई कोट आदि, तिराहे चौराहे आदि, वाहन बर्तन आदि, देव देवी, मनुष्य मनुष्याणी, तिर्यंच तिर्यंचाणी, आसन, शयन, भ डोपकरण ।

मनुष्य में- तिर्यंच प चेन्द्रिय के समान है । विशेषता- धन स पत्ति, सोना, चाँदी आदि, खाद्यसामग्री, व्यापार, कारखाने आदि सभी प्रकार का परिग्रह तिर्यंच प चेन्द्रिय से विशेष एव स्पष्ट रूप से होता है । यों २४ ही द डक में परिग्रह स ज्ञा मानी गई है किसी में स्थूल दृष्टि से एव किसी में सूक्ष्म-सूक्ष्मतम दृष्टि से परिग्रह स ज्ञा समझी जा सकती है ।

निबंध-११७

भ॰महावीर द्वारा पार्श्व प्रभु के नाम से निरूपण

घटना उस समय की है जब गौशालक भी २४ वें तीर्थंकर के नाम से विचरण कर रहा था । पार्श्व प्रभु के शासन के कुछ स्थविर अपने यथायोग्य स घाडे से विचरण कर रहे थे । उन्होंने दो-दो २४वें तीर्थंकर के विचरने की बात जानी । एक बार कोई नगरी में भगवान महावीर स्वामी के विराजने की जानकारी हुई । उन्हें स देह था कि कौन तीर्थंकर सही है ? वे किसी समय भगवान के समीप में पहुँच कर व दन व्यवहार किये बिना ही खडे होकर सीधे ही भगवान से प्रश्न करने लगे । भगवान तो सर्वज्ञ थे उन्हें तो ऐसे व्यवहार से कोई नवाई नहीं होती थी । प्रश्न भी परीक्षात्मक था, जिज्ञासा से नहीं था इसलिये सरल बात भी चक्कर देकर पूछी थी- भ ते ! क्या, अस ख्य लोक में अन त रात-दिन बीते हक्क बीतेंगे, हुए हक्क होंगे और परित्त रात-दिन भी बीते हक्क बीतेंगे ?

स्थविरों के अ तर आशय को समझकर प्रभू ने लोक का स्वरूप पार्श्वनाथ भगवान के नाम से निरूपित किया कि- पार्श्वनाथ पुरुषादानीय अर्हंत भगव त ने शाक्तत अनादि अनवदग्र लोक कहा है । क्षेत्र से परिमित गोलाकार लोक कहा है, जो नीचे विस्तीर्ण, मध्य में स क्षिप्त और उपर विशाल है, नीचे पल्य क स स्थान, मध्य में श्रेष्ठ वज्राकार, उपर खडी मृद गाकार है । उसमें अन त जीव भी उत्पन्न होते हक्क, मरते हक्क; परित्त जीव भी उन्पन्न होते हक्क, मरते हक्क । जीवों, अजीवों से पहचाना जाता यह लोक है। अन त जीवों पर दिनरात बीतते हक्क और परित्त जीवों पर भी दिन-रात बीतते हक्क और लोक

अस ख्यप्रदेशात्मक ही है । अत: अस ख्यप्रदेशी इस लोक में अन त जीवों की अपेक्षा अन त रात-दिन और परित्त जीवों की अपेक्षा परित्त रात-दिन हुए हैक्त, होते हक्त, बीते हक्त, बीतते हक्त, नष्ट हुए है और नष्ट होवेंगे ।

इस प्रकार बिना किसी असम जस के सहज सरलता युक्त उत्तर और अपने भगवान पार्श्व प्रभू के सन्मान से भरा उत्तर सुनकर स्थविर स तुष्ट हुए और अपने मतिश्रुत की निर्मलता से निर्णय भी कर पाये कि ये ही २४वें तीर्थंकर है । ऐसा निर्णय हो जाने पर व दन नमस्कार करके वे प्रभु महावीर के शासन में पुन: महाव्रतारोपण कर दीक्षित हो गये । छेदोपस्थानीय चारित्र की मर्यादा में उपस्थित होकर तप-स यम का आराधन कर, कितने ही श्रमण उसी भव में मोक्षगामी हुए और कई देवलोक में उत्पन्न हुए ।

ऐसा भव्य जीवों के समाधान और उद्धार का प्रस ग केवलज्ञान से जानकर तीर्थंकर भी पूर्व तीर्थंकर के नाम से निरूपण कर सकते हक्त । कभी ऐसे प्रस ग पर सामने अन्य मतावल बी हो तो उनके मान्य शास्त्रों के स्थलनिर्देश पूर्वक भी तत्त्व निरूपण और श का का समाधान किया जा सकता है । उद्देश्य सही होने से सामने वाले पर सही प्रभाव होता है और उसका भला ही होता है, उद्धार हो जाता है ।

निबंध-११८

अबाधा काल और आयुष्यकर्म विचारणा

आठों कर्मों का यहाँ तीसरे उद्देशक में जघन्य उत्कृष्ट ब धकाल बताया गया है । उत्कृष्ट स्थिति के बंध के साथ यह वाक्य है यथा- ज्ञानावरणीय कर्म ब ध में- ***उक्कोसेण तीस सागरोवम कोडाकोडीओ, तिण्णि य वाससहस्साइ अबाहा, अबाहुणिया कम्मठिई कम्मणिसेगो।***

अर्थ- ज्ञानावरणीय कर्म का उत्कृष्ट ब ध ३० कोडाकोडी सागरोपम का होता है उसमें से तीन हजार वर्ष का अबाधाकाल होता है । इस अबाधाकाल जितना छोडकर शेष कर्म स्थिति में कर्म पुद्गलों की निषेक रचना होती है । तात्पर्य यह है कि अबाधाकाल जितनी तीन हजार वर्ष की स्थिति में कर्मप्रदेश ब ध न होकर शेष ३० कोडाकोडी

सागरोपम की स्थिति में कर्मप्रदेशों की निषेक रचना युक्त ब ध होता है । इस कथन से यह स्पष्ट होता है कि ३००० वर्ष की स्थिति तक प्रदेशब ध भी नहीं होने से प्रदेशोदय या विपाकोदय कुछ भी नहीं होता है । सात कर्मों के लिये उपरोक्त स्पष्ट पाठ है अत: उन सातों कर्मों के उत्कृष्ट स्थिति ब ध में अबाधाकाल जितना समय न्यून समय की ही कर्म पुद्गलों के ब ध की निषेक रचना होती है और उस अबाधा-काल के समय के बीतने के बाद ही प्रदेशोदय या विपाकोदय का जैसा भी स योग होता है, वह कर्म उदय में आता है ।

आयुष्य कर्म के अबाधाकाल का हिसाब सात कर्मों से भिन्न तरह का है । सात कर्मों में उत्कृष्ट जितने क्रोडाक्रोडी सागरोपम होते हक्त उसके अनुपात में अबाधाकाल एक निश्चित्त हिसाब से होता हक्त, यथा- ७० क्रोडाक्रोड सागर ब ध का ७००० वर्ष, २० क्रोडाक्रोड सागर ब ध का २००० वर्ष, १५ क्रोडाक्रोड सागरब ध का १५०० वर्ष, १० क्रोडाक्रोड सागर ब ध का १००० वर्ष का अबाधाकाल होता है । यह एक निश्चित्त गणित हिसाब वाला अबाधाकाल हक्त।

आयुष्य कर्म में ऐसा कुछ नहीं है । उसमें तो जीव अपने चालु भव का जितना समय बाकी रहने पर आयुष्य बा धेगा उतना ही अबाधाकाल होगा । यथा- उम्र का अ तर्मुहूर्त शेष रहने पर तेतीस सागरोपम का आयुष्य ब ध किया तो अबाधाकाल अ तर्मुहूर्त का ही होगा । १० वर्ष मनुष्य उम्र का बाकी रहने पर ३३ सागरोपम का आयुष्य ब ध किया तो १० वर्ष का अबाधाकाल होगा । एक क्रोड पूर्व का तीसरा भाग शेष रहने पर कोई १०००० वर्ष देवायु का ब ध करे तो अबाधाकाल क्रोडपूर्व का तीसरा भाग रहेगा । किसी जीवने ५०००० (पचास हजार) वर्ष की उम्र बाकी रहने पर १० हजार वर्ष के देवायु का ब ध किया तो ५०००० वर्ष का अबाधाकाल रहेगा अर्थात् अगले भव के आयुब ध से उसका अबाधाकाल ही ज्यादा हो जाता है । कभी अत्य त अल्प ही अबाधाकाल होता है । इसलिये शास्त्रकार ने आयुष्य कर्म में उक्त पाठ में भिन्नता रखी है उसमें **'अबाहुणिया कम्मठिई कम्मणिसेगो'** ऐसा नहीं कहकर **'कम्मठिई**

कम्मणिसेगो' कहा है अर्थात् स पूर्ण कर्म स्थिति में कर्मप्रदेशों की निषेक रचना होती है । अत: आयुकर्म में अबाधाकाल को छोडकर निषेक रचना नहीं होकर अबाधाकाल सहित स पूर्ण स्थिति में कर्म प्रदेशों की निषेक रचना होती है ।

वास्तव में तो आयुष्य कर्म में अबाधाकाल कहने की पर परा मात्र बन गई है । शास्त्र में तो आयुष्य कर्म का अबाधाकाल कहा ही नहीं है केवल उत्कृष्ट स्थितिब ध ही कहा है और उस स्थितिब ध में सर्वत्र निषेक रचना होती है । उस आयुष्य कर्म के उदय योग्य स योग नहीं होने से और पूर्व का आयुष्यकर्म क्षय नहीं होने से अगले आयुष्य का विपाकोदय चालु नहीं होता है, प्रदेशोदय तो आयुष्य कर्मब ध के बाद तुर त चालु हो जाता है ।

स्त्रीवेद का ब ध करने वाला तीसरे आदि देवलोक में चला जाता है तो उसका अबाधाकाल नहीं रहने पर भी अनेक सागरोपम तक स्त्रीवेद का विपाकोदय नहीं होकर प्रदेशोदय ही होता है । उसी तरह आयुष्य कर्म का कोई अबाधाकाल ही शास्त्रकार ने कहा नहीं है । अत: स योगाभाव और पुराने आयुकर्म के सद्भाव में अगले आयुष्य का प्रदेशोदय होता है । आयुष्य कर्म का अबाधाकाल मानने की जरूरत ही नहीं है । मूलपाठ देखने से ही यह वास्तविकता समझी जा सकती है । किसी भी प्रत में आयुकर्म का अबाधाकाल कहा ही नहीं है मात्र उत्कृष्ट स्थिति ब ध कहकर **'कम्मठिई कम्मणिसेगो'** कह दिया है । इसलिये आगे के भव का आयुष्य कर्म ब धने के तुर त बाद उसका प्रदेशोदय चालु होता है विपाकोदय मृत्यु होने पर ही अगले भव का प्रार भ होता है, तभी कर्म का वेदन कहलाता है– **'उदओ विवाग वेयणो'**–विपाक से कर्मवेदन ही उदय की गिनती में गिना जाता है ।

अन्य सातकर्मों के जो भी नये ब ध होते हक्त उनके अबाधाकाल के समय के बीतने के बाद ही प्रदेशोदय चालु होता है । विपाकोदय प्रस ग स योग होने पर ही होता है। यथा– अशाता वेदनीय कर्म का किसी ने ३० क्रोडाक्रोड सागरोपम का ब ध किया काला तर से स यम का आराधक होकर और मरकर अनुत्तर विमान में देव बना तो ३००० वर्ष

तक प्रदेशोदय भी नहीं होगा उसके बाद उस देव के प्रदेशोदय अशाता वेदनीय का होता रहेगा कि तु अशाता का विपाक उदय ३३ सागर की उम्र पूर्ण करने के बाद मनुष्य बनने के बाद ही होगा । अनुत्तर देवों के अशाता का प्रस ग स योग नहीं होने से विपाकोदय पूरे भव तक नहीं होता है । प्रदेशोदय से वे कर्म पुद्गल क्षीण हो जाते हक्त । उस ३३ सागर के प्रदेशोदय को अबाधाकाल नहीं कहा जाता।

निबंध–११९

तमस्काय एक पानी परिणाम

तमस्काय पानी का परिणाम है पानी स्वरूप है । लोक में पानी के विभिन्न परिणाम हक्त । यथा– (१) अनेक प्रकार के बादल रूप में परिणत । जिसमें कई बादल मूसलधार बरसते, कई रिमझिम बरसते, कई बारीक फुहारें रूप में उडने जैसे बरसते । (२) धूँअर, कोहरा रूप पानी । (३) गडे, हिमपात रूप पानी, बर्फ की दिवाल, चट्टान रूप पर्वतीय पानी । (४) ओस–झा कल । (५) लवण शिखा रूप पानी । (६) पाताल कलशों में भरा पानी । (७) आकाश से बरसने वाला पानी । (८) पर्वत में से निर तर निकलने वाला झरने का पानी । (९) महोतपोप तीर झरने का गर्म जल ।(१०) घनोदधि और घनोदधि वलय रूप पानी तथा (११) यह तमस्काय रूप पानी । इस प्रकार के जल-परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि पानी मात्र समतल ही नहीं रहता है; ऊँचे-नीचे भी, उपर उठा हुआ भी रह सकता है और आकाश में चल भी सकता है । इसी सिलसिले में यह तमस्काय रूप पानी धूँअर फुहारे जैसा उपर उठा हुआ है ।

ज बूद्वीप से अस ख्यात द्वीपसमुद्र जाने के बाद अस ख्यातवाँ अरुणोदय समुद्र चूडी के आकार का है । उसकी बाह्य जगती–वेदिका से सर्व दिशाओं में ४२००० योजन अ दर आने पर यहाँ से स ख्याता योजन जाडी अस ख्य योजन के परिम डलाकार की एक अप्कायमय धूँअर जैसी जलभित्ति समुद्रीजल की उपरी सतह से एक समान प्रदेश वाली श्रेणी रूप अर्थात् चौतरफ समान विस्तार वाली परिम डलाकार गोलाई में उपर उठी हुई है । जो १७२१ योजन ऊँचाई

तक एक सरीखी चौडाई वाली भित्ति जैसी है उसके बाद बाहर की तरफ **ऊलटे रखे घडे** के आकार जैसे तिरछे विस्तृत होती है और घडे की ठीकरी स्थानीय जलभिति भी जाडाई में स ख्यात से बढते हुए अस ख्य योजन की जाडाई वाली है । जो पाँचवें देवलोक तक फैली हुई है । पाँचवें देवलोक के तीसरे रिष्ट पाथडे तक व्याप्त है। स पूर्ण तमस्काय उलटे रखे मिट्टी के घडे के आकार में है कि तु पाँचवें देवलोक के पास कुक्कुड प जर के **ऊपरी** भाग के जैसा आकार कहा है । अर्थात् उपर घडे जैसी गोलाई नहीं है कि तु समतल है । यह सदा एक सरीखी इसी आकार में अनादि काल से लोक स्वभाव से रही हुई है । अपने यहाँ दिखने वाली धुँअर से भी इसमें प्रगाढ अ धकार होता है ।

इस तमस्काय के १३ नाम में से अधिक नाम अ धकार की मुख्यता वाले हक्त । तेरहवाँ नाम **अरुणोदक समुद्र** यह पानी रूप नाम है अर्थात् यह तमस्काय कोई अलग चीज नहीं कि तु अरुणोदक समुद्र का ही एक विचित्र अ श है ।

वैमानिक ज्योतिषी देवों को जम्बूद्वीप में आने के लिये इस तमस्काय को पार करना पडता है । तब वे देव अ धकार से भयभीत स भ्रा त होकर शीघ्र निकलते हक्त । कोई देव इसमें बादल गर्जन विद्युत भी कर सकते हक्त । वह देवकृत विद्युत अचित्त समझना । क्यों कि बादर अग्निकाय तो ढाईद्वीप में ही होती है । देवों का अपना शरीर एव वस्त्रादि का प्रकाश भी इसके अ धकार से हतप्रभ होता है । ९०० योजन की ऊँचाई तक के क्षेत्र में वहाँ जो ज्योतिषी विमान हक्त वे भी इस तमस्काय के बाहर ही है भीतर नहीं है, किनारे पर है, उनकी प्रभा भी तमस्काय में थोडी जाकर अ धकार से निष्प्रभ हो जाती है ।

इस तमस्काय में बादर पृथ्वी और अग्नि नहीं होती है । इसमें अप्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय एव त्रसकाय के जीव इसमें होतेत्त्ह (त्रस जीव तिरछालोक की अपेक्षा समझना) । स सार के सभी जीव तमस्काय में उत्पन्न हो चुके हक्त । तमस्काय के नाम इस प्रकार है- १. तम २. तमस्काय ३. अ धकार ४. महाअ धकार ५. लोकअ धकार ६.

लोकतमिश्र ७. देवअ धकार ८. देव तमिश्र ९. देव अरण्य १०. देव व्यूह ११. देव परिघ १२. देव प्रतिक्षोभ १३. अरुणोद समुद्र ।

निबंध-१२०

मारणांतिक समुद्घात एक अनुप्रेक्षण

वर्तमान भव के अ तर्मुहूर्त आयु शेष रहने पर कोई-कोई जीव मारणा तिक समुद्धात करते हक्त । इस अ तर्मुहूर्त के पहले जीव ने कभी भी आगामी भव का आयुष्य बा ध लिया होता है तभी मारणा तिक समुद्घात से, अपने निज शरीर को छोडे बिना कुछ आत्मप्रदेशों को आगामी जन्मस्थान तक फैलाता है एव आयुष्य कर्म की उदीरणा कर पुनः शरीरस्थ होकर फिर आयुष्य को पूर्ण करके (मरने रूप में) समुद्धात करके अर्थात् मरकर(क्यों कि दूसरी बार समुद्धात का प्रयोजन नहीं रहता है) उत्पत्ति स्थान में जाता है और वहाँ आहार, उसका परिणमन और शरीर निर्माण आदि करता है ।

वर्तमान भव का आयु रहता है तब आगामी जन्मस्थान पर गये हुए आत्मप्रदेश वहाँ आहारादि ग्रहण परिणमन नहीं करते हक्त । क्यों कि यहीं वर्तमान भव के शरीर में आहारादि चालु होते हक्त ।

कई जीव मारणा तिक समुद्घात नहीं करते हक्त वे प्रथम बार में ही आयुष्य पूर्ण होने पर मरकर (आगम शब्दो में मरण समुद्धात करके) आगामी जन्मस्थान में पहुँच कर आहार-परिणमन आदि करते हक्त ।

शास्त्रपाठ में सीधे मर कर जाने और उत्पन्न होकर आहार करने के कथन में भी समुद्धात शब्द का प्रयोग किया है । ऐसे ही केवली के मोक्ष होने समय में भी मरण समुद्घात शब्दप्रयोग देखने को मिलता है अतः इन शब्दों के आग्रह में नहीं जाते हुए सही आशय समझना चाहिये कि- (१) कोई जीव आयु समाप्त कर सीधे ही **मरण प्राप्त कर** आगामी स्थान में पहुँचकर आहार-परिणमन आदि करते हक्त । (२) कितनेक जीव मृत्यु के अ तर्मुहूर्त पहले मारणा तिक समुद्घात करके, आगामी जन्मस्थान तक आत्मप्रदेश फैलाकर, आयुष्यकर्म की उदीरणा कर, पुनः शरीरस्थ होकर, फिर आयुष्य समाप्त होने पर

मरण प्राप्त करके आगामी स्थान में उत्पन्न होकर आहार, परिणमन आदि करते हक्त । पृथ्वीकाय आदि पाँच स्थावर जीव छहों दिशाओं में लोका त तक उत्पन्न होते है । त्रस जीव छहों दिशाओं में त्रसनाडी में ही अपने-अपने उत्पत्ति योग्य स्थलों तक उत्पन्न होते हक्त ।

मृत्यु प्राप्त कर एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने वाले सभी जीव मार्ग में अवगाहना का स कोच विस्तार नहीं करके एक सरीखी विस्तृत श्रेणी आत्मप्रदेशों की अवगाहना से ही जन्म स्थान तक पहुँचते क्त। इसे ही मूलपाठ **''एगपएसिय सेढिं मोत्तूण'' एगपएसिय**- एक सरीखी । पूर्व पाँचवें उद्देशक में भी **एगपएसियाए सेढीए**- एक सरीखी चोडाई वाली भित्तिरूप में तमस्काय समुद्री जल सपाटी से उपर उठी हुई है जो १७२१ योजन तक ऊँची एक सरीखी चौडाई (जाडाई) वाली है । फिर उसके बाद थोडे-थोडे विस्तार में और जाडाई में क्रमिक वृद्धि होती है ।

निबंध-१२१

धान्यादि के सचित्त और ऊगने का स्वभाव

वनस्पति के १० विभाग मूल से लेकर बीज तक होते हक्त । उनमें से ९ विभाग तो सूखने पर अचित्त हो जाते हक्त कि तु दसवाँ **बीज विभाग** है वह सूखने पर भी वर्षों तक सचित्त रह सकता है। इसकी उम्र जघन्य अ तर्मुहूर्त उत्कृष्ट सात वर्ष की होती है । प्रस्तुत सातवें उद्देशक में बताया है कि धान्य आदि समस्त बीज यदि सुरक्षित कोठी वगेरे में रख दिये जाय, उन पर कोई भी प्रकार का शस्त्र नहीं लगे तो इनके सचित्त रहने की उत्कृष्ट स्थिति बनती है । यहाँ तथा स्थाना ग सूत्र में इन धान्यादि बीजों के स्थिति की अपेक्षा तीन विभाजन किये गये हक्त (१) गेहूँ चावल आदि धान्य उत्कृष्ट ३ वर्ष सचित्त रह सकते हक्त । (२) मूँग चणा उडद आदि द्विदल उत्कृष्ट पाँच वर्ष सचित्त रह सकते है और (३) शेष सभी प्रकार के बीज अलसी, सरसों, राई, मेथी आदि उत्कृष्ट सात वर्ष तक सचित्त योनि रूप में, सजीव रूप में रह सकते हक्त । उसके बाद इन पदार्थों की सचित्त योनि नष्ट हो जाती है । सचित्तता की अपेक्षा वह बीज नहीं रहता है ।

प्रज्ञापना सूत्र में उगने वाले पदार्थ सचित्त, अचित्त मिश्र तीनों प्रकार की योनि वाले कहे गये हक्त । तदनुसार ये अचित्त बने हुए धान्यादि का शरीर ब धन स घातन विशिष्ट हो, सुरक्षित रखे गये हों तो १०-२० प्रतिशत बीजों में अचित्त होने के बाद भी ऊगने की क्षमता रहती है वे अचित्त योनिक बीज कहलाते हक्त । यहाँ दोनों शास्त्रों में सचित्तता की अपेक्षा ही स पूर्ण विशेषणमय कथन है । कि तु प्रज्ञापना सूत्रानुसार अचित्त योनिक उगने वाली वनस्पतियों का भी अस्तित्व स भव है एव बीज विज्ञान केंद्र से जानकारी करने से भी यह स्पष्ट होता है कि कुछ अच्छे परिपक्व बीज ५-१० वर्ष तक भी उगते हक्त । सुरक्षित रखे सभी बीज लम्बे समय तक नहीं उगते । प्रतिवर्ष ५-१० प्रतिशत कम होते होते ८-१० वर्ष तक तो उगने वाले बीजों की स ख्या नहींवत् हो जाती है । इसका कारण यह है कि उन बीजों के पुद्गलमय ब धन स घातन भी धीरे-धीरे ५-१० वर्ष में क्षीण हो जाते क्त। एव उत्पादन क्षमता-अ कुरित होने की योग्यता नष्ट हो जाती है ।

प्रस्तुत में ज्ञातव्य यह है कि उगने की क्षमता किसी की कितनी भी रहे कि तु सचित्त योनिभूतता प्रस्तुत सूत्र कथन अनुसार तीन-पाँच एव सात वर्ष की उत्कृष्ट समझनी चाहिये ।

निबंध-१२२

देवों का नरक में जाना और परमाधामी

वाणव्य तर देवता नीचे प्रथम नरक तक जा सकते हक्त । नवनिकाय के भवनपति देव दूसरी नरक तक जा सकते हक्त । असुरकुमार देव तीसरी नरक तक जा सकते हक्त और वैमानिक देव सातवीं नरक तक जा सकते हक्त । उपर प्रथम द्वितीय देवलोक तक असुरकुमार और वैमानिक देव जा सकते हक्त आगे के देवलोकों में केवल वैमानिक देव ही जाते है, असुरकुमार देव नहीं जाते ।

व्य तर देवों की उत्कृष्ट स्थिति एक पल्योपम की होती है । नवनिकाय देवों की उत्कृष्ट देशोन दो पल्योपम की स्थिति होती है। असुरकुमारों की उत्कृष्ट एक सागरोपम साधिक की स्थिति होती है ।

वैमानिक में गमनागमन करने वाले देवों की उत्कृष्ट २२ सागरोपम की स्थिति होती है ।

देवों की वैक्रिय शक्ति, ऋद्धि उनकी स्थिति के अनुसार हीनाधिक होती है। अत: दस हजार वर्ष आदि स्थिति वाले व्य तर देवों की क्षमता कम होती है और क्रमश: एक पल्योपम की स्थिति वाले व्य तर देवों की क्षमता अधिक होती है। उसी तरह भवनपति असुरकुमारों में भी दसहजार वर्ष से पल्योपम एव एक सागरोपम तक की स्थिति होती है । वैमानिक में एक पल्योपम से दो सागरोपम यावत् २२ सागरोपम तक की स्थिति बारहवें देवलोक तक होती है तदनुसार ही इन देवों में गमनागमन क्षमता एव ऋद्धि की भिन्नता होती है ।

प्रस्तुत में असुरकुमारों, नवनिकायों एव वैमानिकों की जो उपर नीचे जाने की क्षमता दर्शाई गई है वह उत्कृष्ट स्थिति, ऋद्धि की अपेक्षा से कही गई है । उसे उस जाति के अल्पर्धिक-महर्द्धिक सभी देवों के लिये स्थिति का विचार किये बिना मान लेना उचित्त नहीं होता है ।

असुरकुमारों का नीचे तीसरी नरक तक जाना कहा है तो उसे उत्कृष्ट एक सागरोपम की स्थिति वालों की अपेक्षा समझना चाहिये पर तु दस हजार वर्ष या एक पल्योपम अथवा ५-१० पल्योपम वालों को भी तीसरी नरक तक जाना मान लेना योग्य नहीं होता है । वैमानिक देवों का सातवीं नरक तक जाना कहा है तो सभी वैमानिकों को एक समान नहीं समझकर उनकी भिन्नता समझी जाती है अर्थात् पहले दूसरे देवलोक के देव सातवीं नरक तक नहीं जाते हक्त वे तीसरी नरक तक जाते हक्त, आगे क्रमश: बढते-बढते उपर-उपर के देव अगली-अगली नरक में जाते हक्त ।

नवनिकाय के देव दूसरी नरक तक जाते हक्त तो वहाँ भी उत्कृष्ट देशोन दो पल्योपम की अपेक्षा समझना । सभी स्थिति वाले नवनिकाय देव जावे ऐसा नहीं समझना । क्यों कि एक पल्योपम की स्थिति वाले व्य तर पहली नरक तक ही जाते हक्त । देवों की गति, ऋद्धि आदि स्थिति सापेक्ष ही होती है अत: एक पल्योपम से अधिक

स्थिति वाले नवनिकाय के देवों को ही दूसरी नरक में जाना समझना और एक पल्योपम तक की स्थिति वालों को प्रथम नरक तक ही जाना समझना चाहिये । उपरोक्त वर्णन से यह तात्पर्य समझना चाहिये कि एक पल्योपम तक की स्थिति वाले देव प्रथम नरक तक, अनेक पल्योपम वाले देव दूसरी नरक तक और एक-दो सागरोपम की स्थिति वाले देव तीसरी नरक तक जा सकते है । यों वैमानिक में भी स्थिति के अनुपात में चोथी, पाँचवीं, छट्ठी आदि नरक तक जाना समझना चाहिये ।

इससे यह भी समझ सकते हक्त कि एक पल्योपम की स्थिति वाले परमाधामी के लिये तीसरी नरक तक जाने का कहने की पर परा को पकडे रखना कोई जरूरी नहीं है । वास्तव में वे अपनी स्थिति रिद्धि क्षमता अनुसार प्रथम नरक तक ही जा सकते हक्त ।

निबंध-१२३

प्राप्त शुद्धाहार शुद्धाशुद्ध हो जाता

